हरिभूमि
रायपुर भूमि



# ये है 'ए ग्रेड बगिया'...नैक टीम आई तो संवार दिए गार्डन, अब सर्द मौसम में सूखा!

■ नैक टीम ने अगस्त माह में रविवि को प्रदान की थी ए ग्रेडिंग, इसके बाद प्रबंधन भूल बैठा गार्डन को

■ गुड़हल, गुलाब से लेकर गेंदे सहित कई मौसमी फूल सूखे, बैठने के लिए बिछाई गई घास भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के उद्यानों की रौनक इन दिनों गायब है। दरअसल, ए ग्रेड मिलने के बाद से ही विश्वविद्यालय इस कदर आत्ममुग्ध हो गया है कि वह उद्यानों की सुध लेना ही भूल बैठा, जिससे ए ग्रेड हासिल करने में मदद मिली। गुलाब, गुड़हल जैसे फूलों के साथ-साथ गेंदे जैसे मौसमी फूल भी सूख गए हैं। गार्डन में बिछी मुलायम घास अब सूखकर पैरों में चुभने लगी है। यही नहीं छाए और सजावट के लिए लगाए बड़े आकार के पेड़ों में भी टहनियां ही शेष रह गई हैं। कई जगहों में दरारें भी आ गई हैं। उद्यानों की स्थिति खराब होने के कारण ▶▶|शेष पेज 13 पर

### प्रारंभ हो गई है सिंचाई

जिस कंपनी को नैक ग्रेडिंग के वक्त ठेका दिया गया था, उसे पुन: ठेका दिया गया है। पंप खराब होने के कारण मध्य में दिक्कतें आईं थीं। अब पुन: सिंचाई प्रारंभ कर दी गई है। फिलहाल टेंकर की मदद ले रहे हैं।
**-अनिमेष देवांगन,** डिप्टी रजिस्टार, रविवि

### पानी की हुई किल्लत तो बंद करवा दी सिंचाई

अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवि के कुछ पंप खराब होने के कारण छात्रावास में पानी की किल्लत हो गई थी। छात्रों ने आकर इसकी शिकायत की थी। इसके बाद पंप के जरिए उद्यानों में पानी सप्लाई बंद करने मौखिक आदेश जारी कर दिया गया था। सिंचाई के लिए कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई। आदेश के बाद पंप के पानी से गार्डन में पानी सप्लाई करने के कुछ दिनों बाद से ही पेड़-पौधे सूखने लगे। अब हालात यह है कि रविवि के इन उद्यानों को देखकर ही नैक टीम भी विश्वास ना करे कि उन्होंने ही विवि को ए ग्रेड प्रदान किया था। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि सिंचाई संबंधित व्यवस्था कर दी गई है और उद्यान जल्द ही अपने पुराने स्वरूप में होगा।





## दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने जब्त किए सात लाख रुपए के मादक पदार्थ

# इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट के टारगेट पर छग, पाक से कनेक्शन रखने वाले रायपुर में बना रहे ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी और टिकरापारा पुलिस ने नए साल के जश्न के पहले दो ड्रग पैडलरों के कब्जे से सात लाख रुपए कीमत की एमडीएमए तथा हेरोइन चिट्टा जब्त की है। पुलिस गिरफ्त में आया रायपुर का ड्रग पैडलर पूर्व में भी लूट के आरोप में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है, जो पूर्व में जेल गया था, वह जेल में बंद ड्रग पैडलरों से इंटरस्टेट ड्रग तस्करों के बारे में जानकारी जुटाकर ड्रग तस्करी करने लगा। लोकल ड्रग पैडलरों के पकड़े जाने पर इंटरस्टेट ड्रग पैडलर, जिनका पाकिस्तान के ड्रग पैडलरों के साथ संपर्क है, वे अब रायपुर में ठिकाना बनाकर ड्रग खपाने का काम कर रहे हैं।

■ लोकल पैडलरों के पकड़े जाने पर मचा हड़कंप

पंडरी पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने ऑपरेशन निश्चय के तहत राजस्थान, जोधपुर निवासी कैलाश विश्नोई की घेराबंदी कर 3.40 लाख रुपए कीमत की 24 ग्राम एमडीएमए जब्त की है। पुलिस ने कैलाश को ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बड़े तस्कर रायपुर को बना रहे ठिकाना

ड्रग तस्करी करने के मामले में पुलिस ने अब तक दो सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्रग पैडलरों में ज्यादातर स्थानीय हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए इंटरस्टेट ड्रग पैडलर, जिनका पाकिस्तान के ड्रग माफियाओं के साथ संपर्क है, वे खुद डील करने रायपुर पहुंच रहे हैं। साथ ही लोकल पैडलर के बजाय पार्टी तथा अन्य आयोजनों में अपने कुरियर ब्वॉय के माध्यम से ड्रग सप्लाई कर रहे हैं।

### ड्रग को लेकर पुलिस की जीरो टॉलरेंस

आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने ड्रग्स को लेकर जिले के सभी थानों, नारकोटिक्स सेल के साथ क्राइम ब्रांच पुलिस को जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। विशेष कर नए साल में बड़े पैमाने पर ड्रग खपाए जाने की सूचना मिलने पर आईजी तथा एसएसपी ने इंटरस्टेट पुलिस से समन्वय स्थापित कर ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

## वाट्सएप समेत कई सोशल एप इस्लामिक कंट्री में प्रतिबंधित, इसलिए आईएमओ के माध्यम से संपर्क

राजधानी सहित प्रदेश में अवैध रूप से निवासरत बांग्लादेशी नागरिक मिलने और उनके निर्वासन के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। इसी कड़ी में राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में निवासरत आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के संदिग्ध मोबाइल नंबर पुलिस को मिले हैं। जिनके द्वारा लगातर आईएमओ कॉल से बांग्लादेश तथा पाकिस्तान में रह रहे लोगों से संपर्क किया जा रहा है। आईएमओ यूएस बेस्ड एप है। जिन लोगों द्वारा आईएमओ से पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के लोगों के साथ संपर्क किया जा रहा है। उनके बारे में जानकारी जुटाने पुलिस पत्र लिखकर जानकारी मंगाने की तैयारी कर रही है। ज्यादातर इस्लामिक कंट्री में वाट्सएप, फेसबुक सहित इंस्टाग्राम, एक्स पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ आधा दर्जन से ज्यादा नंबरों की पुलिस कर रही मॉनिटरिंग

■ संदिग्ध नंबर मिलने के बाद पुलिस ने दस्तावेज की पड़ताल करने पहचान परेड कराई

### *वाट्सएप की तरह काम करता है आईएमओ*

*आईएमओ एप एक तरह से वाट्सएप की तरह काम करता है। आईएमओ में एक ओर जहां कॉलिंग की सुविधा है, वहीं आईएमओ के माध्यम से मैसेज भेजा जा सकता है। साथ ही वीडियो कॉलिंग के माध्यम से एक दूसरे के साथ लाइव संपर्क कर सकते हैं। खुफिया विभाग इंटरनेट कॉलिंग की लगातार मॉनिटरिंग करता है। इससे बचने कुछ लोगों द्वारा आईएमओ एप का इस्तेमाल कर पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के लोगों के साथ संपर्क किया जा रहा है।*

### *निगरानी की बड़ी वजह दोनों देशों के साथ तनाव*

*भारत का वर्तमान में पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के साथ राजनीतिक-कूटनीतिक तनाव चल रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय खुफिया विभाग बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान के साथ संपर्क करने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में फर्जी दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट तैयार कर तीन बांग्लादेशी नागरिक, जो सगे भाई हैं, उन्हें एटीएस ने इराक भागने की कोशिश करते मुंबई तथा रायपुर एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था। इसके बाद केंद्रीय खुफिया विभाग छत्तीसगढ़ की विशेष निगरानी कर रहा है।*

### एक साल में 13 इंटरस्टेट ड्रग नेटवर्क ध्वस्त

आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ने एक साल के भीतर 13 इंटरस्टेट ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त किया है। इन नेटवर्क में ये ड्रग पैडलर शामिल हैं।

- सुवीत श्रीवास्तव ड्रग नेटवर्क
- पिंदर उर्फ रूपिंदर सिंह उर्फ पाबलो
- मनमोहन सिंह संधू उर्फ जग्गू
- नव्या मलिक एमडीएमए
- कमलेश अरोड़ा उर्फ लाली
- बगेल सिंह
- आयुष दुबे
- गगनदीप सिंह
- पराग बरछा उर्फ रघु
- अब्दुल करीम उर्फ समीर
- मनीष रोचलानी
- कैलाश बिश्नोई
- दिलबाग सिंह

### पतासाजी के बाद जानकारी साझा करेगी पुलिस

संदिग्ध लोगों ने पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के जिन लोगों के साथ आईएमओ के माध्यम से संपर्क किया है। उनके बारे में जानकारी मिलने के बाद राज्य की पुलिस उन पाकिस्तान तथा बांग्लादेशी लोगों की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास साझा करेगी। इसके बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े अफसर उन पाकिस्तान तथा बांग्लादेशी लोगों के बारे में जानकारी जुटाएंगे। गड़बड़ी मिलने पर पुलिस आईएमओ कॉल करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# एसआईआर... शिक्षक व्यस्त थे इसलिए छमाही परीक्षा जनवरी में पर्चे के दिन ही कॉपी जांचने निर्देश

■ जिला शिक्षा कार्यालय ने जारी की पहली से आठवीं कक्षा तक की समय-सारिणी

■ 2 जनवरी से प्रारंभ होगी केंद्रीकृत परीक्षा, 9 जनवरी को अंतिम पर्चा

■ 31 दिसंबर तक बांटे जाएंगे स्कूलों को प्रश्नपत्र, शेड्यूल जल्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के शिक्षकों को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में लगाए जाने का असर अब पढ़ाई पर दिखने लगा है। इस बार जिले के स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक की छमाही परीक्षा जनवरी माह में होगी। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इसकी समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, परीक्षाएं 2 जनवरी से प्रारंभ होंगी। अंतिम पर्चा 9 जनवरी को होगा। ये परीक्षाएं केंद्रीकृत होगी। ऐसे में इनके लिए प्रश्नपत्र जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा स्कूल प्रबंधन को दिए जाएंगे। विद्यालयों को समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई है, लेकिन अब तक प्रश्नपत्र वितरण का शेड्यूल नहीं दिया गया है। सूत्रों के अनुसार अंतिम दिसंबर के पूर्व विद्यालय प्रबंधन को प्रश्नपत्र वितरित कर दिए जाएंगे।

गौरतलब है कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र से मार्किंग स्कीम में बदलाव किया गया है। पहली से चौथी तथा छठवीं और सातवीं कक्षा के अंतिम परिणाम में तिमाही और छमाही के अंक भी जुड़ेंगे। नई मार्किंग स्कीम के बाद अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी महत्वपूर्ण हो गई हैं। सामान्यतः छमाही परीक्षाएं दिसंबर माह में शीतकालीन अवकाश के पूर्व आयोजित की जाती हैं। इस बार शिक्षकों के मतदाता सूची संबंधित कार्य में व्यस्त होने के कारण तय समय पर निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सका। यही कारण है कि इस बार छमाही परीक्षाएं जनवरी माह में ली जा रही हैं।


### उसी दिन जांची जाएगी कॉपियां

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के साथ प्राचार्य को भी इस संदर्भ में खत लिखा गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे तय तिथियों पर परीक्षा कार्य संपन्न कराएं। इसके अलावा कहा गया है कि मूल्यांकन कार्य उसी दिन किया जाए। अर्थात परीक्षाएं होते ही शिक्षकों को तुरंत उत्तरपुस्तिकाओं की जांच कर अंक भरने होंगे। प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षाएं प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर एक बजे तक दो घंटे चलेंगी। इसी तरह से पूर्व माध्यमिक शाला की परीक्षाएं भी 11 बजे से प्रारंभ होंगी, लेकिन समाप्त दोपहर दो बजे होगी।

### 5वीं-8वीं इस बार भी बोर्ड

छात्रों में शिक्षा के स्तर को देखते हुए पिछले शैक्षणिक सत्र से पांचवी-आठवीं की परीक्षाओं को बोर्ड कर दिया गया था। हालांकि अनुत्तीर्ण छात्रों को पिछली कक्षा में रोकने का अधिकार नहीं है। इसके स्थान पर उन्हें एक और मौका दिया जाता है। इसमें फेल होने के बाद भी छात्रों को अगली कक्षा में पदोनन्नति दी जाएगी। निजी स्कूलों को भी सत्र के आरंभ में ही निर्देशित कर दिया गया था कि उन्हें इस वर्ष परीक्षा में शामिल होना होगा। बीते वर्ष पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षाओं की घोषणाएं विलंब से होने के आधार पर उन्हें इससे छूट मिल गई थी।

# आज और कल शीतलहर के आसार, राजधानी में सुबह धुंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेशवासियों को नए साल में ही ठंड से ही राहत मिलेगी। दिसंबर अंत तक तापमान में विशेष राहत की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 48 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इस दौरान अर्थात अगले 2 दिनों तक उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में एक-दो स्थानों में शीत लहर चलने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने तत्पश्चात 1-2 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में एक-दो पॉकेट में शीतलहर चलने की आशंका भी प्रकट की गई है। राजधानी में देर शाम से सुबह तक बगैर गर्म कपड़ों लोगों के लिए रहना मुश्किल हो चला है, जबकि आउटर में ठंड अधिक होने के कारण दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।

■ 48 घंटों तक न्यूनतम तापमान में परिवर्तन नहीं, इसके बाद होगी 2 डिग्री की वृद्धि

### अंबिकापुर में हाड़ कंपाने वाली ठंड

किसी भी स्थान पर पारा 30 डिग्री तक नहीं पहुंच पाया है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री दुर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में बर्फ जमने की स्थिति निर्मित हो गई है। छग में वर्षा के आंकड़े निरंक रहे अर्थात पूरे प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई। फिलहाल प्रदेश का मौसम शुष्क ही रहेगा। रायपुर शहर के लिए पूर्वानुमान जारी करते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि 29 दिसंबर को धुंध छाए रहेंगे। इसके पूर्व रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री कम 27.3 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 12.1 डिग्री दर्ज किया गया। माना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज हुआ।



# नर्सिंग काउंसिल में 50 पर्सेंटाइल का दायरा समाप्त, 5 प्रतिशत अंक वाले को भी सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश की राह देख रहे छात्रों को आज राहत मिल सकती है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा पर्सेंटाइल संबंधित नियमों में छूट दिए जाने की तैयारी है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार को इस संदर्भ में आदेश जारी किया जा सकता है।

वर्तमान में नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 50 पर्सेंटाइल अनिवार्य है। अब पर्सेंटाइल की अनिवार्य समाप्त कर दी जाएगी। प्रवेश परीक्षा में 5 प्रतिशत अंक लाने वाले अभ्यर्थी भी नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पात्र होंगे। छत्तीसगढ़ में नर्सिंग की 8 हजार 100 सीटें हैं। इनमें से 4 हजार 200 सीटें रिक्त हैं। पर्सेंटाइल संबंधित कड़े नियमों के कारण प्रवेश परीक्षा में शामिल अधिकतर छात्र दाखिले के लिए अपात्र हो गए हैं। बीते सत्र में भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। इस कारण पिछले साल भी छात्रों को इससे राहत दी गई थी। इस वर्ष भी रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए उक्त निर्णय लिया जा रहा है।नर्सिंग पाठ्यक्रमों के अंतर्गत आने वाले एएनएम, जीएनएम, बीएससी (एन), पीबीबीएससी (एन) और एमएससी (एन) के लिए प्रवेश संबंधित नई तिथियां और नियम मान्य रहेंगे।

**इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा आज आदेश जारी किए जाने की तैयारी**

**प्रदेश में नर्सिंग की 8100 सीट, इनमें से 4200 अब भी रिक्त**



### केवल दो दिन का समय

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा प्रवेश तिथि में बीते दिनों वृद्धि की गई थी। नवीन तिथियों के मुताबिक, नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश दिसंबर अंत तक दिए जा सकेंगे। आईएनसी द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 31 दिसंबर 2025 तक है, जो देश भर के सभी संस्थानों के लिए लागू है। पर्सेंटाइल संबंधित बाध्यता समाप्त किए जाने के बाद छात्रों के पास प्रवेश के लिए केवल 48 घंटे ही होंगे। इस अल्प अवधि में छात्रों को दाखिले संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। गौरतलब है कि नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए पात्रता संबंधित नियमों के साथ अंतिम तिथि भी इंडियन नर्सिंग काउंसिल ही तय करती है। संस्था अथवा प्रदेश स्तर पर इसका निर्धारण नहीं किया जाता। तय तिथि तक प्रवेश संबंधित जानकारी काउंसिल को प्रेषित करना अनिवार्य होता है।

### अवगत कराई थी स्थिति

पर्सेंटाइल के कड़े नियमों के कारण खाली रह गई सीटों की स्थिति से काउंसिल को अवगत कराया गया था। छात्रों को मौका मिल सके, इसलिए प्रवेश नियमों में राहत की तैयारी है। **-राजीव गुप्ता,** संयोजन, निजी महाविद्यालय संघ

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ आईपीएस दिवंगत पांडेय को गृहमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दिवंगत प्रखर पांडेय को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने उनके भिलाई स्थित निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रखर पांडेयजी छत्तीसगढ़ पुलिस के एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और संवेदनशील अधिकारी थे। उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा और कर्तव्यपालन को समर्पित रहा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार और पुलिस विभाग इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि स्व. प्रखर पांडेय 2009 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी थे और अपने सेवाकाल में छत्तीसगढ़ पुलिस महकमे में एक बेहतरीन अधिकारी के रूप में उनकी पहचान थी।

### तमनार क्षेत्र में जनसुनवाई जांच के लिए कांग्रेस की कमेटी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में जिंदल पॉवर प्लांट के कोल हैंडलिंग प्लांट के विस्तार का विरोध कर रहे ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 9 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। ग्रामीणों का कहना है, जिंदल कंपनी द्वारा आयोजित जनसुनवाई फर्जी थी। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने तमनार में जिंदल की जनसुनवाई निरस्त किए जाने की मांग की है। साथ ही शांतिपूर्ण आंदोलनरत ग्रामीणों एवं आदिवासियों पर बर्बरतापूर्वक की गई पुलिसिया कार्रवाई व गिरफ्तारी की जांच के लिए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के संयोजकत्व में 9 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

समिति में ये होंगे सदस्य

जांच समिति में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, उमेश पटेल, विधायक लालजीत राठिया, इंद्रशाह मंडावी, उत्तरी जांगड़े, जनक ध्रुव, नागेन्द्र नेगी और शाखा यादव को सदस्य बनाया गया है।

### चार साहिबजादे फिल्म का निशुल्क प्रदर्शन करने की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में देशप्रेम, धर्म-रक्षा और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले चार साहिबजादों की अमर शहादत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार से पहल करने की मांग की गई है। समाज ने आग्रह किया है कि प्रदेश के सभी सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स एवं पीवीआर में एक दिन के लिए "चार साहिबजादे" फिल्म सहित उन पर आधारित एल्बम एवं लघु फिल्मों का निशुल्क प्रदर्शन कराया जाए। सिख समाज का मानना है कि इस प्रकार के निशुल्क प्रदर्शन से लोग ध्यानमग्न होकर एकाग्र मन से धर्म एवं देश की रक्षा के लिए दिए गए अद्वितीय बलिदान को समझ सकेंगे और उसे आत्मसात कर पाएंगे। बैठक में देवेंद्र सिंह सिब्बल, नरेंद्र सिंह हरगोत्रा, स्वर्ण सिंह चावला, कुलवंत सिंह खालसा, मनजीत सिंह भाटिया, जागीर सिंह बावा, देवेंद्र सिंह चावला, रणजीत सिंह खनूजा, अमृत सिंह सूर, जसप्रीत सिंह चावला, इंदर पाल सिंह गांधी, गुरमीत सिंह छाबड़ा एवं मानवेंद्र सिंह डडियाला सहित समाज के सभी पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## राजीव भवन में कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मनाया गया

# आजादी के समय राष्ट्रवाद की थ्योरी सावरकर और जिन्ना ने दी, विभाजन के असली जिम्मेदार यही लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, गांधीजी, नेहरूजी जब देश की आजादी की लड़ाई की अगवाई कर रहे थे, तब आज के तथाकथित राष्ट्रवादी गांधीजी का विरोध कर रहे थे। आजादी के समय राष्ट्रवाद की थ्योरी सावरकर और उनके बाद जिन्ना ने दी, विभाजन के असली जिम्मेदार यही लोग थे।

■ **कांग्रेस स्थापना दिवस पर भूपेश ने किया हमला, बैज ने कहा- आजादी से नवनिर्माण तक पार्टी का अमूल्य योगदान**

श्री बघेल ने कहा, कांग्रेस आजादी का लक्ष्य प्राप्त करने में इसलिए सफल हुई, क्योंकि वह लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर आगे बढ़ रही थी। आजादी की लड़ाई में कांग्रेस किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की अगवाई कर रही थी। कांग्रेस में कई विचारधाराएं थीं, गांधीजी सहित कांग्रेस के नेतृत्वकर्ताओं ने वैचारिक मतभिन्नता का पूरा सम्मान किया तथा विभिन्न विचारों को लेकर स्वतंत्र भारत के एक लक्ष्य के साथ कांग्रेस दुनिया के सबसे बड़े सफल अहिंसक आंदोलन को चलाने में कामयाब हुई। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस भारत के जनमानस का आईना थी।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, अमितेष शुक्ल, राजेंद्र तिवारी, संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेंद्र छाबड़ा, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, सकलेन कामदार, दीपक मिश्रा, सुबोध हरितवाल, शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेमन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, गिरीश दुबे, ज्ञानेश शर्मा, अशोक राज आहूजा, पंकज शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, डॉ. अजय साहू, शिवसिंह ठाकुर, सत्यप्रकाश सिंह, सौरभ साहू, राजेश चौबे, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष केशव चंद्राकर, इदरीश गांधी, हसन खान, विनोद तिवारी, सारिक रईस खान, सुंदरलाल जोगी, कन्हैया अग्रवाल, सुनील कुकरेजा, करुणा कुर्रे, आनंद मिश्रा, जी. श्रीनिवास शीनू, दिलीप चौहान, नरेश गढ़पाल, अनुभव शुक्ला, राजेश वर्मा, ओम श्रीवास, देवकुमार, प्रवीण प्रधान, दीपा बग्गा, निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, मोहसीन खान, दीपक चौबे, सत्येन्द्र वर्मा, कमलेश मिश्रा, रोशन सिंह, विनोद कश्यप, अमिता घोष सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### कांग्रेस ही ऐसा दल, जिसके कार्यकर्ता सब जगह : बैज

*पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस ने अपनी स्थापना के 140 वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज भले ही अधिकांश राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं है, लेकिन कांग्रेस ही देश का एकमात्र राजनैतिक दल है, जिसके कार्यकर्ता भारत के उत्तर, दक्षिण, पूरब से लेकर पश्चिम तक के हर गांव में मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, देश की सामयिक जरूरत के अनुसार कांग्रेस ने समय-समय पर प्राथमिकता को बदलकर योजनाओं को बनाया। आजादी के पहले स्वतंत्रता आंदोलन, आजादी के बाद गणतंत्र का निर्माण, संविधान निर्माण प्राथमिकता में थे, नेहरूजी ने दुनिया में गुटनिरपेक्ष देशों का प्रतिनिधित्व किया। पंचशील सिद्धांत दिए, जो आज भी अधिकांश देशों की विदेश नीति का आधार है। औद्योगीकरण और वृहद सिंचाई परियोजनाओं की नींव डाली। नेहरूजी के बाद शास्त्रीजी के समय अनाज की उपलब्धता बढ़ाई, देश की सुरक्षा को लक्ष्य रखकर जय जवान जय किसान का नारा दिया गया। इंदिरा गांधी हरित क्रांति, बीस सूत्रीय कार्यक्रम, अंतरिक्ष कार्यक्रम, परमाणु कार्यक्रम से सुदृढ़ भारत के लक्ष्य को प्राथमिकता में रखा। राजीव गांधी जब भारत के प्रधानमंत्री बने, तब देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए कांग्रेस की प्राथमिकता में सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर क्रांति थी। मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 करके युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का अवसर दिया, पंचायतों का सशक्तिकरण कर सत्ता के विकेंद्रीकरण का मार्ग भी खोला गया।*

### कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सेवाभाव, उपाध्याय ने बुजुर्गों को भेंट की शॉल



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रविवार को कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर संपूर्ण देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। महत्वपूर्ण दिन को सेवाभाव का स्वरूप देते हुए बुजुर्गों को शॉल भेंट किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस का निर्माण जिस विचारधारा को लेकर महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने किया था, उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आज मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित कांग्रेस के तमाम नेता और कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। कांग्रेस का उद्देश्य त्याग, तपस्या और बलिदान से लेकर सेवा और निर्माण तक रहा है। आज भी कांग्रेस की यह विचारधारा जीवित है और इसी पर निरंतर काम हो रहे हैं। देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है। पार्टी वंचित लोगों के अधिकारों की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी।

■ **देश की आजादी की लड़ाई और आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस का योगदान : विकास**

# स्थापना दिवस पर कांग्रेस में लौटे पूर्व पार्षद जसबीर ढिल्लन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पूर्व पार्षद जसबीर सिंह ढिल्लन ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपस्थिति में वापसी करते हुए कांग्रेस पार्टी में औपचारिक रूप से प्रवेश किया। श्री ढिल्लन लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट पर पार्षद निर्वाचित हुए थे। पिछले नगर निगम चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन उनकी निष्ठा शुरू से कांग्रेस के साथ रही। वे कभी कांग्रेस छोड़कर किसी अन्य दल में शामिल नहीं हुए। 1981 से यूनिट अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने लगातार कांग्रेस पार्टी की सेवा की और निर्वाचित पार्षद के रूप में योगदान दिया। इसी समर्पण को देखते हुए रायपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की सहमति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें कांग्रेस में प्रवेश कराया।

■ **पीसीसी अध्यक्ष और पूर्व सीएम की उपस्थिति में किया पार्टी प्रवेश**

कांग्रेस में प्रवेश करने के बाद उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कांग्रेसी रहा हूं और कांग्रेस की विचारधारा मेरी नस-नस, खून में बसी है। कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक त्याग, तपस्या और बलिदान की पार्टी रही है, इसलिए मैं आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में प्रवेश कर रहा हूं। मुझे खुशी है कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुझे यह अवसर दिया। मैं दोनों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं।

# बस्तर पंडुम का आगाज 10 जनवरी से सीएम साय ने ली उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बस्तर पंडुम-2026 का आयोजन 10 जनवरी से 5 फरवरी तक प्रस्तावित है। तीन स्तरों पर 10 से 20 जनवरी जनपद स्तरीय कार्यक्रम, 24 से 30 जनवरी जिला स्तरीय कार्यक्रम और 1 से 5 फरवरी तक संभाग स्तरीय कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास सह कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक हुई।

इस बार पंडुम में विधाओं की संख्या बढ़ाकर 7 से 12 कर दी गई है। इनमें जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा व आभूषण, पूजा-पद्धति, शिल्प, चित्रकला, जनजातीय पेय पदार्थ, पारंपरिक व्यंजन, आंचलिक साहित्य और वन-औषधि शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से तैयारियों का विस्तार से ब्योरा लिया और आयोजन को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम बस्तर की सांस्कृतिक आत्मा को सशक्त मंच प्रदान करता है।

### लोगो, थीम सांग और वेबसाइट का होगा विमोचन

बैठक में बताया गया कि बस्तर पंडुम 2026 का लोगो, थीम सांग और आधिकारिक वेबसाइट का विमोचन दंतेवाड़ा मंदिर परिसर में किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के पारंपरिक पदाधिकारी, आदिवासी समाज के प्रमुखजन और सम्मानित कलाकार मौजूद रहेंगे। साथ ही भारत में तैनात विभिन्न देशों के भारतीय राजदूतों को आमंत्रित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि वे बस्तर की अद्वितीय संस्कृति से रूबरू हो सकें। इसके अलावा बस्तर से जुड़े उच्च पदस्थ अधिकारी, यूपीएससी-पीएससर चयनित अधिकारी, चिकित्सक, अभियंता, जनप्रतिनिधि और विभिन्न राज्यों के जनजातीय नृत्य दलों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

***ऑनलाइन-ऑफलाइन पंजीयन की सुविधा***

*प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए इस बार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक कलाकारों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।*

# भाजयुमो ने फूंका पूर्व सीएम बघेल का पुतला



*ये रहे मौजूद : इस दौरान अमन प्रताप, विशाल पांडेय, वासु शर्मा, पिंटू साहू, अर्पित सूर्यवंशी, प्रणय साहू, अश्वनी विश्कर्मा, शंकर साहू, अभिषेक धनगर, योगी साहू, शुभंकर द्विवेदी, युगल वर्मा, भारत कुंड, आकाश शर्मा, राज गायकवाड़, राहुल वर्मा, सुरेंद्र साहू, गुरमीत सिंह, गोपाल साहू और धर्मेश वर्मा मौजूद थे।*

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रविवार को प्रदेशभर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रिप्ट किसी ने दी होगी। उन्होंने कहा, रामसेतु की जब बात आई, तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा, कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया है। हमारे साधु-संतों का अपमान किया है।

# वीरेंद्र पांडेय बोले- छत्तीसगढ़ में आरक्षण के मामलों में आदेश का खुला उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भर्ती और शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए आरक्षण के मामलों में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुला उल्लंघन किए जाने को लेकर वीरेंद्र पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि आईएएस अधिकारी कोर्ट के स्पष्ट निर्णयों की गलत ढंग से व्याख्या कर रहे हैं, इससे सरकार की छवि को क्षति पहुंच रही है।



■ **वीरेंद्र पांडेय ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

उन्होंने बताया कि 2012 में राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति का आरक्षण 16 से घटाकर 12 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 20 से बढ़ाकर 32 प्रतिशत कर दिया गया था। ओबीसी का आरक्षण 14 प्रतिशत यथावत रखा गया। इस तरह से कुल आरक्षण 50 से 58 प्रतिशत कर दिया गया। गुरु घासीदास समिति द्वारा इसके खिलाफ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। 19 सितंबर 2022 को इस पर निर्णय लेते हुए आरक्षण सीमा से अधिक होने के कारण असंवैधानिक घोषित कर दिया गया। मामले में भूपेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विज्ञापित भर्तियों को पुराने 58 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार पूर्ण करने अनुमति याचिका लगाई गई। राज्य शासन की मांग पर एक समिति द्वारा आदेश पारित किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर स्थगन नहीं दिया।

### एक ही एक्ट पर दो आरक्षण

उल्लेखनीय है कि शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए 58 प्रतिशत आरक्षण को जारी रखने सुप्रीम कोर्ट में न कोई याचिका लगाई गई और न ही कोई आदेश पारित किया गया। इसके बावजूद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बिना किसी न्यायालयीन आदेश के अगस्त 2023 में 58 प्रतिशत आरक्षण जारी रखने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। हाईकोर्ट अपने यहां भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण रोस्टर का पालन कर भर्ती विज्ञापन निकाल रहा है। वहीं राज्य शासन द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन में 58 प्रतिशत रोस्टर के आधार पर विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

### जांच एवं कार्रवाई की मांग

वीरेंद्र पांडेय ने प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच समेत संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश पर 50 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर भर्ती और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हो। साथ ही यह भी कहा कि 58 प्रतिशत आरक्षण आधार पर की गई भर्तियों एवं शिक्षण संस्थानों में प्रवेश को रद्द किया जाए।

# सीएम ने वर्ष 2026 के शासकीय कैलेंडर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वर्ष 2026 के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। वर्ष 2026 को राज्य सरकार द्वारा 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी थीम पर आधारित यह कैलेंडर सशक्त एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को अभिव्यक्त करता है।

■ **'महतारी गौरव वर्ष' तथा सशक्त एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ थीम पर आधारित**

कैलेंडर के मुख्य पृष्ठ पर छत्तीसगढ़ के पांच प्रमुख शक्तिपीठ मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़, मां महामाया रतनपुर, मां दंतेश्वरी दंतेवाड़ा, मां चंद्रहासिनी चंद्रपुर और मां कुदरगढ़ी सूरजपुर के पावन धाम को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के छायाचित्र भी अंकित हैं। पृष्ठभूमि में सिरपुर एवं राजिम के मंदिर, आदिवासी संस्कृति, मधेश्वर पहाड़ तथा चित्रकोट जलप्रपात के आकर्षक ग्रॉफिकल प्रतिरूप सम्मिलित किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर का प्रतीक हैं।

# सीएम साय ने कहा- 'मन की बात' देश को जोड़ने वाला और सकारात्मक ऊर्जा देने वाला कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 129वीं कड़ी का श्रवण किया। उन्होंने कहा, 'मन की बात' देश को जोड़ने वाला और सकारात्मक ऊर्जा देने वाला कार्यक्रम है, जिसकी प्रत्येक कड़ी प्रेरणा, जागरूकता और जनभागीदारी की नई भावना का संचार करती है और जिसका सभी नागरिकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक प्रबोध मिंज एवं विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष के अंतिम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी अपनाने, देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्र को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री निरंतर जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 को भारत के लिए उपलब्धियों से भरा गौरवशाली वर्ष बताया। उन्होंने देश की सुरक्षा, खेल, विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक सफलताओं का उल्लेख किया। उन्होंने खिलाड़ियों और पैरा-एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा युवाओं के नवाचारों और 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन' जैसे मंचों की सकारात्मक भूमिका को भी रेखांकित किया।

**जनप्रतिनिधियों संग 'मन की बात' कार्यक्रम की 129वीं कड़ी का किया श्रवण**

**पीएम ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्र निर्माण का दिया प्रेरक संदेश**



### मणिपुर में सौर ऊर्जा के प्रयासों की सराहना

मन की बात में प्रधानमंत्री ने मणिपुर के युवा मोइरांगथेम सेठ के सौर ऊर्जा से जुड़े प्रयासों की सराहना करते हुए 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का उल्लेख किया। साथ ही ओडिशा की स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि के योगदान को नमन करते हुए उन्होंने समाज सेवा और त्याग के मूल्यों को अपनाने का आव्हान किया।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**सिलयारी।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवां द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक उद्यान में वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के विचारों पर संगोष्ठी आयोजित करते हुए कांग्रेस स्थापना दिवस को पूरे उत्साह एवं जोर-शोर से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी त्याग, तपस्या और बलिदान की पार्टी है। देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक और अहम भूमिका रही है। महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने देश को आज़ादी दिलाई, जिसके कारण आज भारतवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपने नेतृत्व में भारत को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाई है। इसके पश्चात केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना मनरेगा के नाम विलोपित/कमजोर करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

**हादसा : रायपुर-बिलासपुर सिक्स लेन बनी खूनी सड़क, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश**

# सिलतरा के पास ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर मौत, एक अन्य हादसे में तीन घायल





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलयारी

रायपुर बिलासपुर हाईवे की सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन का बेतरतीब ढंग से बनना लोगो की मौत का कारण बनता जा रहा। लगातार मौतों के बाबजूद शासन प्रशासन एनएचएआई त्रुटि सुधार की ओर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा परिणाम स्वरूप दुर्घटनाओं में दुपहिया सवारों की मौत का सिलसिला जारी है। सिलतरा के समीप सर्विस रोड पर फिर एक बाइक सवार को अनियंत्रित ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक पहला हादसा सांकरा सिमगा सिक्स लाइन के बाजू से बनी सांकरा से सिलतरा की संकीर्ण सर्विस रोड पर हुआ जहां मृतक विजय प्रताप पिता राम नक्षत्र गुप्ता उम्र 40 निवासी ग्राम जमन टोला जिला देवरिया यूपी अपनी बुलेट बाइक क्रमांक यूपी 52बीजी 9451 से सिलतरा से धरसीवा की ओर सर्विस रोड से जा रहा था तभी शारडा एनर्जी कालोनी के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीसी 9612 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया ओर बाइक चला रहे विजय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यहां यह बताना लाजमी होगा कि एनएचएआई ने सांकरा से सिलतरा तक हाइवे के पूर्व ओर पश्चिम दोनों दिशाओं में यानी दोनों तरफ बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां और दर्जनों गांव होने के बाबजूद बेतरतीब ढंग से मौत की सिक्स लाइन बनाई है सिलतरा में एक मात्र अंडरपास सिक्स लाइन पार करने बनाया वो भी इतना संकीर्ण की दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं और सर्विस रोड भी इतना संकीर्ण की क्रासिंग तक मुश्किल होती है क्योंकि सर्विस रोड की दोनों तरफ की साइडों में सिर्फ मिट्टी डालने से वहां गहरे गहरे गड्ढे बने रहते हैं कई बार तो बाइक सवार फिसलकर वाहनों के पहियों में आकर दर्दनाक मौत का शिकार हुए हैं साथ ही सांकरा के चौक में अंडरपास नहीं बनाया यही कारण है कि सांकरा से सिलतरा तक यह सड़क खूनी सड़क बनी हुई है।

### रैता में तीन गंभीर

इधर तिवरैया से सिलयारी तिल्दा मार्ग पर रैता टर्निंग में एक बाइक को अनियंत्रित वाहन ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक का सर फट गया ओर वह सड़क पर मरणासन्न अवस्था में पड़ा था तीनों घायल युवक सड़क पर पड़े थे और सड़क खून से सन गई थी जैसे ही ग्रामीण राहगीरों की नजर पड़ी उन्होंने पुलिस को सूचना दी और तीनों गंभीर घायलों को धरसीवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### तीन दिनों से हो रही है लगातार दुर्घटना

तीसरे दिन की घटना गौरी गणेश से ओवर लोड ट्रेलर गाड़ी तेज रफ्तार आ रही गाड़ी मलौद गांव के पर पलट गई जिससे बाल बाल बचे ग्रामीण जब से तिल्दा बरतोरी औद्योगिक क्षेत्र घोषित होने से भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण परेशान हैं। इस प्रकार की घटना को देखते हू गांवों के सरपंच व जनप्रतिनिधि उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। फिर किसी प्रकार की न सुझाव दिया है न कोई कार्रवाई भी नहीं।

# कांग्रेस ने शहीदों को नमन कर भाजपा सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक उद्यान में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी की विचारधारा पर संगोष्ठी आयोजित की। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस त्याग और बलिदान की पार्टी है, जिसने गांधी और नेहरू के नेतृत्व में देश को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही आज भारत विश्व पटल पर मजबूत स्थिति में है।स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनहितैषी 'मनरेगा' योजना को कमजोर करने और इसके नाम विलोपित करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे गरीब विरोधी कदम बताते हुए केंद्र की नीतियों की कड़ी आलोचना की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनीता शर्मा,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू वर्मा, रामानंद वर्मा, कैलाश जैसवाल, प्रमोद शर्मा, रणजीत गायकवाड़, अरुण शुक्ला, अंजीत सायतोड़े, लेखू वर्मा, राजू सायतोड़े, नासिर खान, नीतू साहू, लक्ष्मी साहू, पंकज नायक, शेखर यादव, तुकाराम साहू, संतोष साहू, रामकुमार वर्मा, साहिल खान, अनिल बघेल, प्रधान देवांगन, जगतू देवांगन, पार्षदगण मनोज सायतोड़े, यशवंत वर्मा, जागेश्वर कुर्रे, तोरण साहू, गज्जू पुरी गोस्वामी, रवि लहरी, अखिलेश मिश्रा सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष...**

### ये है 'ए ग्रेड बगिया'...नैक टीम...

ना केवल रविवि का प्राकृतिक सौंदर्य प्रभावित हुआ है बल्कि छात्रों को भी असुविधा हो रही है। रविवि में विभिन्न तरह के प्रशासनिक कार्यों के लिए आने वाले विद्यार्थी अपनी बारी का इंतजार करते हुए इन उद्यानों में ही वक्त बीताते रहे हैं। अब वे यहां-वहां भटकते नजर आते हैं। इसके अलावा छात्रों का एक वर्ग समूह अध्ययन के लिए भी इस गार्डन का इस्तेमाल करता था, अब उन्हें भी अध्ययन-अध्यापन के लिए अन्य जगह तलाशनी पड़ रही है।

### इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट के...

साइंस सेंटर के पास ड्रग के साथ पकड़ा। एक अन्य मामले में टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार निवासी मनीष रोचलानी को 3.60 लाख रुपए कीमत की 20 ग्राम के करीब हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। मनीष पूर्व में लूट के आरोप में जेल जा चुका है।
<B>हर इवेंट की जानकारी पैडलरों तक पहुंच रही <B><B><B>
होटल के साथ क्लब संचालक युवाओं को आकर्षित करने नए साल के साथ सामान्य दिनों में इवेंट आयोजित करते रहते हैं। राजधानी में आयोजित इवेंट की जानकारी इंटरस्टेट ड्रग पैडलरों तक सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यम से पहुंच रही है। इवेंट के पूर्व पैडलर आयोजन में ड्रग खपाने की व्यवस्था कर युवाओं को ड्रग परोसने का काम कर रहे हैं। इसे रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।
<B>इसलिए आकर्षित हो रहे पैडलर
<B><B><B>
पंजाब, राजस्थान, गुजरात के साथ मध्यप्रदेश में जिस कीमत में युवा ड्रग खरीदते हैं। उससे तीन से चार गुना कीमत पर रायपुर में ड्रग की बिक्री होती है। हेरोइन चिट्टा पंजाब में महज हजार से पांच सौ रुपए कीमत पर मिल जाता है, वहीं हेरोइन चिट्टा रायपुर में प्रतिग्राम पांच से आठ हजार रुपए तक बिकता है। इसलिए इंटरस्टेट ड्रग तस्करों के लिए रायपुर पसंदीदा शहर है।
**बदलते अपराध के साथ बदलती पुलिस की रणनीतिः** लगातार चल रही पुलिस कार्रवाई के कारण अब ड्रग तस्कर अपने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर नए पैटर्न अपना रहे हैं। जांच में सामने आया है कि संगठित नेटवर्क अब शहरी इलाकों से दूरी बनाते हुए आउटर क्षेत्रों, फार्महाउस पार्टियों एवं निजी आयोजनों को लक्ष्य बना रहे हैं और कम मात्रा में हाई-वैल्यू ड्रग की आपूर्ति कर जोखिम कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बदले हुए आपराधिक व्यवहार को ध्यान में रखते हुए रायपुर पुलिस इंटेलिजेंस-ड्रिवन, एंड-टू-एंड विवेचना और माइक्रो-लेवल सर्विलांस अपना कर कार्रवाई कर रही है।

### वाट्सएप्प समेत कई सोशल एप इस्लामिक...

प्रतिबंध है। इस वजह से लोग पाकिस्तान तथा बांग्लादेश में रहने वाले अपने परिचित तथा रिश्तेदारों से आईएमओ कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। केंद्रीय खुफिया विभाग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पिछले दिनों एक हजार के करीब लोगों का पुलिस ने पुलिस लाइन लाकर वेरिफिकेशन किया। साथ ही उनके दस्तावेजों की जांच की। जिनके दस्तावेजों में कमी पाई गई उन्हें दस्तावेज दुरुस्त कर लाने के निर्देश दिए गए, साथ ही पुलिस ऐसे लोगों के बारे में अपने स्तर पर पतासाजी करने में जुटी हुई है।

## प्रदेश की ग्राम पंचायतों में 5 जनवरी से कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान

**रायपुर।** मनरेगा कानून में किए गए संशोधन के खिलाफ कांग्रेस 5 जनवरी से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है।

दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया, जहां देशभर में मनरेगा के विरोध का ऐलान किया गया है। प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की है। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ की हर ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस मजदूरों को बताएगी कि नए कानून से काम की गारंटी कैसे कमजोर हो रही है और इसका सीधा असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ेगा।

# तरपोंगी टोल प्लाजा पर दो ट्रक चालकों को चाकू मारने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलयारी

तरपोंगी टोल प्लाजा के पास शनिवार तड़के चाय पीने रुके दो ट्रक चालकों पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को धरसींवा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में दो बालिग और दो नाबालिग शामिल हैं। इस घटना ने टोल प्लाजा जैसे व्यस्त स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, वाराणसी (यूपी) निवासी ट्रक चालक लवकुश तिवारी (ट्रक क्र. एमपी 04 वायएन 4730) और एक अन्य चालक मनोज कोड़ावले शनिवार तड़के करीब 3:30 बजे तरपोंगी टोल प्लाजा के पास चाय पीने रुके थे। तभी चार युवक वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे।

- ट्रक चालकों से शराब के लिए मांगे पैसे, मना करने पर किया हमला

जब लवकुश ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसके जंघा पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने मनोज कोड़ावले के दाहिने हाथ पर भी चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। घायल अवस्था में दोनों चालक किसी तरह धरसींवा थाना पहुंचे और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। धरसींवा टीआई राजेंद्र सिंह दीवान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सहायता से पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा।

रियाज खान (18 वर्ष, कूरा) और विकास साहू (18 वर्ष, तिल्दा नेवरा)। इनके साथ दो अपचारी बालकों को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथी विकास का जन्मदिन मनाने टोल प्लाजा के पास गए थे, जहां मस्ती के दौरान उन्होंने ट्रक चालकों से लूटपाट की नीयत से पैसे मांगे और हमला कर दिया।

### सवालों के घेरे में टोल प्लाजा की सुरक्षा

इस घटना ने टोल प्लाजा प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा दिए हैं। यात्री और ट्रक चालक टोल प्लाजा को सुरक्षित समझकर वहां रुकते हैं, लेकिन चाकूबाजी जैसी वारदात होने के बाद भी टोल कर्मियों ने पुलिस को सूचना देना तक मुनासिब नहीं समझा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाओं के कारण भविष्य में राहगीर टोल प्लाजा के पास रुकने से कतराएंगे।

## सद्भावना कुटी में कांग्रेस का मनाया गया स्थापना दिवस

**अभनपुर।** सद्भावना कुटी अभनपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के छायाचित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जारी स्थापना दिवस संदेश का वाचन किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया, जेल गए और अनेक कठिनाइयों का सामना किया कांग्रेस के नेतृत्व ने महिलाओं, गरीबों और समाज के सभी वर्गों को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा। साथ ही ग्रीन रिवॉल्यूशन, व्हाइट रिवॉल्यूशन, ऑटोमोबाइल व आईटी सेक्टर के विस्तार तथा संचार क्रांति जैसी ऐतिहासिक पहलों के माध्यम से देश के विकास में कांग्रेस सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। वहीं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, प्रदेश प्रतिनिधि ब्रह्मानंद ठाकुर, प्रदेश प्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, सुशील शर्मा, चंद्रहास साहू, डॉमन साहू, डोमेन्द्र साहू, बीरबल टंडन, नीमा निंबेकर, रेखा तिवारी, भावेश साहू, भूपेंद्र बजाज, रविंद्र सिंह, फुलेश्वर ध्रुव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**धरसीवां।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवाँ द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक उद्यान में वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के विचारों पर संगोष्ठी आयोजित करते हुए कांग्रेस स्थापना दिवस को पूरे उत्साह एवं जोर-शोर से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी त्याग, तपस्या और बलिदान की पार्टी है। देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक और अहम भूमिका रही है। महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई, जिसके कारण आज भारतवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# सड्‌ढू में चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड्डू इलाके में दहशत फैलाने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोनू बैरागी, जो सड्डू की बीएसयूपी कॉलोनी का निवासी है, उसने इलाके में चाकू लहराते हुए लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

घटना की शुरुआत तब हुई जब प्रार्थी प्रदीप कुमार साहू ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक आरोपी सोनू बैरागी ने प्रार्थी और उसके दोस्त पूनम चंद को सरेराह रोका और हाथ में घातक हथियार (चाकू) लेकर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपी इतना उग्र था कि उसने बीच सड़क पर चाकू लहराते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए। गवाहों ने भी पुष्टि की कि आरोपी सरेआम हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा था। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपी सोनू बैरागी को उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है, जिसके बाद मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं 25 और 27 भी जोड़ी गईं।

### दहशत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत विधान सभा ने बताया की इलाके में चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले आरोपी सोनू बैरागी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घातक हथियार बरामद कर उसके खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्षेत्र में गुंडागर्दी और दहशत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

चूंकि मामला गैर-जमानती है, इसलिए गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के परिजनों को सूचित किया। आज रविवार को आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि मामले की विवेचना अभी अधूरी है और कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर जांच शेष है, इसलिए आरोपी को जेल भेजना आवश्यक है। माननीय न्यायालय ने पुलिस के तर्कों को स्वीकार करते हुए आरोपी सोनू बैरागी को 9 जनवरी 2026 तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## खरोरा-तिल्दा व सिमगा मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग



**तिल्दा नेवरा।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने खरोरा से तिल्दा, सिमगा होते हुए टू लेन पहुंच मार्ग को फोरलेन करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि यह मार्ग न केवल क्षेत्र की जीवन रेखा है, बल्कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। खरोरा-तिल्दा-सिमगा- मार्ग पर कई बड़े सीमेंट प्लांट, स्पंज आयरन यूनिट्स और इस्पात फैक्टरियां स्थित हैं. प्रमुख रूप से तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में सेंचुरी सीमेंट (बैकुंठ), सरोरा और तिल्दा में गोडावरी पावर एंड इस्पात, बजरंग पावर एंड इस्पात, संभव स्पंज पावर जैसी इकाइयां, खरोरा और आसपास में डालमिया सीमेंट की प्रस्तावित यूनिट तथा आदानी पावर प्लांट जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इन फैक्टरियों से रोजाना सैकड़ों ट्रक भारी माल लेकर इस मार्ग पर गुजरते हैं, जिससे सड़क पर लगातार भारी ट्रैफिक रहता है। वर्तमान में यह मार्ग दो लाइन होने के कारण आए दिन दुर्घटनाए होती है वही हमेशा जाम की स्थति बनी रहती है । इससे क्षेत्र की जनता तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही औद्योगिक उत्पादन और निर्यात पर भी गहरा असर पड़ रहा है। पप्पू बंजारे ने कहा कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा इसी शेत्र से चुनाव जीतकर मंत्री बने है . बावजूद सरकार इस महत्वपूर्ण खरोरा-तिल्दा-सिमगा- मार्ग के विकास में पूरी तरह विफल साबित हुई है। साथ ही तिल्दा शहर को छोड़कर बाईपास मार्ग बनाएं।

**माय भारत कार्यक्रम में युवाओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर**

# तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के बीच सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव : नवीन






हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

माय भारत के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के दौरान युवाओं को साइबर अपराधों की गंभीर चुनौतियों और उनसे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु वर्तमान समय में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड के नए तरीके और उनसे सुरक्षित रहने के उपाय रहे। रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि आज के दौर में साइबर सुरक्षा केवल एक विषय नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को एक जिम्मेदार और सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे वे भविष्य में किसी भी प्रकार के तकनीकी छलावे का शिकार होने से बच सकें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक धरसींवा के प्रबंधक नवीन शर्मा ने डिजिटल परिदृश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि जैसे-जैसे तकनीक पर हमारी निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे अपराधी भी ठगी के नए और जटिल तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने फिशिंग, स्मिशिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग जैसे समकालीन अपराधों का उदाहरण देते हुए समझाया कि अपराधी किस तरह मानवीय व्यवहार और भरोसे का फायदा उठाकर आर्थिक चोट पहुँचाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मात्र थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर और डिजिटल प्रोटोकॉल का पालन करके किसी भी बड़े आर्थिक या व्यक्तिगत नुकसान से सुरक्षित रहा जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पुरजोर अपील की कि वे किसी भी प्रलोभन में न आएं और अपना ओटीपी, बैंक खाते का विवरण या कोई भी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अपरिचित व्यक्ति के साथ साझा न करें।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में रायपुर और बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दर्ज कराई। युवाओं ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन से जुड़ी अपनी शंकाओं के समाधान हेतु विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने युवाओं के तकनीकी सवालों का तार्किक और सरल भाषा में उत्तर दिया, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने डिजिटल सुरक्षा के नियमों का स्वयं पालन करने और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी

इस गरिमामयी आयोजन की रूपरेखा और संचालन माय भारत छत्तीसगढ़ के राज्य निदेशक व कार्यक्रम संयोजक श्री अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने संस्थान के उद्देश्यों को साझा करते हुए बताया कि माय भारत का मूल लक्ष्य युवाओं को केवल शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी विषयों पर जागरूक कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब युवा स्वयं जागरूक होंगे, तो वे अपने परिवार और समाज को भी इन खतरों के प्रति सचेत कर पाएंगे।

## ओटगन के निशुल्क नेत्र व स्वास्थ शिविर से 317 मरीज लाभान्वित



**तिल्दा नेवरा।** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, के सौजन्य से समता फाउंडेसन और ऍम जी एम हॉस्पिटल रायपुर और ओम हॉस्पिटल के सहयोग से ग्राम पंचायत ओटगन के पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 317 मरीजों की निशुल्क जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। शिविर 09 लोगों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित किया गया. जिनका ऑपरेशन ऍम जी एम आई हॉस्पिटल रायपुर में 29 दिसंबर को संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड सरोरा के सहयोग से निशुल्क किया जाएगा। शिविर में आसपास के ग्रामीण पहुंचे। जिनकी आंखों के अलावा खून जाँच, बी पी, शुगर का चेकअप किया गया। इस मौके पर सभी डॉक्टरो और अतिथियों का फूलों के साथ स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह दे कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत ओटगन के सरपंच हिमांशु तिवारी उपसरपंच श्रीमती कामिनी ध्रुव एवं पंच गण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे .कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड के एम जी के मूर्ति ,सुचिता जैन , ,चरण जीत राय ,हिमांचल ,राकेश कुमार ,जितेंद्र वर्मा ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# राजधानी दिल्ली में साहित्यिक परिचर्चा, दिवंगत विनोद कुमार शुक्ल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

28 दिसंबर 2025- राजधानी दिल्ली में आयोजित साहित्यिक परिचर्चा में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के रचना-कर्म और साहित्यिक अवदान को याद किया गया। इस अवसर पर साहित्य उत्सवों की प्रासंगिकता पर भी गहन संवाद स्थापित किया गया। रायपुर में 23- 25 जनवरी को आयोजित होने वाले साहित्य उत्सव 2026 के परिप्रेक्ष्य में राजधानी दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर साहित्य उत्सव की वैचारिक दिशा को विस्तार देने के साथ साथ साहित्य से जुड़े ज्वलंत प्रश्नों पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने विनोद कुमार शुक्ल से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कहा कि इतने बड़े साहित्यिक व्यक्तित्व से मिलने की अपेक्षा कुछ और थी, लेकिन जब वे उनसे मिले तो अत्यंत आश्चर्य हुआ कि वे कितने सरल और सहज हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत आत्मीयता से भरी होती थी, जिसमें कहीं भी कोई अतिरेक नहीं होता। बिना लाग-लपेट के वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में अपनी बात कहते यही उनकी व्यक्तित्व और लेखन की सबसे बड़ी विशेषता थी। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने विनोद कुमार शुक्ल को याद करते हुए कहा कि युवा उनसे गहराई से आकर्षित रहते थे और उनके यहां हमेशा युवाओं की भीड़ लगी रहती थी।

श्री शर्मा ने कहा कि अपनी एक मुलाकात के दौरान उन्होंने उनसे पूछा कि आपने युवावस्था में अत्यंत गंभीर लेखन किया और अब बाल साहित्य की ओर क्यों आए। इस पर विनोद कुमार शुक्ल ने उत्तर दिया कि उन्हें लगता है वे बहुत गंभीर लेखन कर चुके हैं, लेकिन नई पीढ़ी के साथ शायद न्याय नहीं कर पाए। अब उन्हें लगता है कि नई पीढ़ी के साथ न्याय करने का अवसर उन्हें बाल साहित्य के माध्यम से मिला है। साहित्यकार अलका जोशी ने विनोद कुमार शुक्ल के रचना-कर्म पर बात करते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि वे मामूली और साधारण स्थितियों में भी सौंदर्य खोज लेते थे। उन्होंने कहा कि नौकर की कमीज में विनोद कुमार शुक्ल ने अत्यंत सहजता के साथ सत्ता के प्रति रोष को व्यक्त किया है, बिना किसी आडंबर के। उनकी रचनाओं में वह अदृश्य व्यक्ति दिखाई देता है, जो अपने गुम हो जाने से बचने की कोशिश करता है। अलका जोशी ने कहा कि चाहे नौकर की कमीज हो या एक दीवार में खिड़की रहती है, उनकी रचनाओं में ऐसे दृश्य आते हैं।

## साहित्यकारों से साहित्य उत्सवों की प्रासंगिकता पर भी संवाद

### साहित्य में गहराई अनिवार्य

इसके पहले के सत्र में साहित्य उत्सवों में कितना साहित्य विषय पर अपनी बात रखते हुए लेखक अनंत विजय ने कहा कि साहित्य में गहराई अनिवार्य है। गहराई होगी तभी साहित्य को उसके पाठक मिलेंगे और वही साहित्य समय के साथ अपनी स्थायी छाप छोड़ पाएगा। उन्होंने साहित्य उत्सवों की संरचना पर जोर देते हुए कहा कि सत्रों की संरचना में ठोस कंटेंट होना चाहिए, तभी श्रोता और पाठक उनसे जुड़ पाएंगे। अनंत विजय ने यह भी स्पष्ट किया कि रायपुर साहित्य उत्सव पूरी तरह व्यावसायिकता से दूर रहेगा। यदि किसी सत्र में फिल्म जगत से कोई व्यक्ति आमंत्रित किया जाता है, तो उसके साथ मंच पर एक साहित्यकार की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि साहित्य केंद्र में बना रहे। वहीं, साहित्यकार अनिल जोशी ने भी इस विषय पर




अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी एक बार फिर किताबों और साहित्य से जुड़ रही है, जो एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि साहित्य उत्सवों की उपयोगिता अत्यधिक हो सकती है, बशर्ते उनके उद्देश्य स्पष्ट हों। विनोद कुमार शुक्ल पर बोलते हुए अनिल जोशी ने कहा उनकी लेखनी एब्स्ट्रैक्ट पेंटिंग की तरह है, जिसे समझने के लिए पाठक को ठहरकर देखना और महसूस करना पड़ता है।

### समय के साथ लेखन के स्वरूप में बदलाव

कार्यक्रम में नई शैली के लेखन पर टिप्पणी करते हुए पूर्व संपादक एवं लेखक प्रताप सोमवंशी ने कहा कि समय के साथ लेखन के स्वरूप में बदलाव आया है और आज नई शैली में साहित्य रचा जा रहा है। लेकिन इसके साथ ही पारंपरिक शैली में लेखन भी निरंतर हो रहा है, जिसे पाठक आज भी पसंद कर रहे हैं और वह समान रूप से पढ़ा जा रहा है। इस अवसर पर रायपुर साहित्य उत्सव समिति के सदस्य एवं मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, रायपुर साहित्य उत्सव समिति के सदस्य संजीव सिन्हा सहित देशभर के प्रतिष्ठित साहित्यकार और विचारक शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### भगवान झूलेलाल के स्वरूप से छेड़छाड़ का आरोप



रायपुर। तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में भगवान झूलेलाल के स्वरूप में सेंट क्लॉज का पुतला लगाया गया है। इस पर सिंधी समुदाय के युवकों ने ईष्टदेव के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। विरोध के बाद पुतले को ढंक दिया गया है। तेलीबांधा तालाब में दुकानों का ठेका लेने वाली कंपनी पर के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही जा रही है।

### रमन सरकार के समय बनाए गए बीपीएल राशनकार्ड रद्द कर रहे



रायपुर। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में बीपीएल राशन कार्डधारियों के कार्ड बिना किसी ठोस कारण के लगातार निरस्त किए जा रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवार गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। रायपुर शहर कांग्रेस प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने जारी बयान में कहा, यह अत्यंत विरोधाभासी और दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन बीपीएल राशनकार्डों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था, उन्हीं कार्डों को आज वर्तमान भाजपा सरकार समाप्त कर रही है। भाजपा की कथनी और करनी के बीच का अंतर इससे साफतौर पर उजागर होता है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार एक ओर गरीबों के कल्याण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उनके अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। बिना स्पष्ट कारण के राशनकार्ड रद्द करना न केवल जनविरोधी कदम है, बल्कि आम जनता के साथ अन्याय भी है। कांग्रेस पार्टी इस निर्णय की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि बिना कारण निरस्त किए गए सभी बीपीएल राशनकार्ड को तत्काल बहाल किया जाए। पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

### डिवाइडर से टकराकर स्कूटर चालक की मौत

रायपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गढ़कलेवा के पास ई-स्कूटर में जा रहे एक युवक की डिवाइडर से टकराकर गिरने पर मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कोतवाली निवासी अमित कुमार शुक्रवार रात पौने 11 बजे तेज रफ्तार ई-स्कूटर चलाते हुए अपना घर जा रहा था। गौरवपथ स्थित गढ़कलेवा के पास अमित ई-स्कूटर की रफ्तार कंट्रोल नहीं कर पाया और डिवाइडर से टकराने के बाद गिर गया। इससे अमित के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया।

## निधन

### नलिनी जियालाल फाये



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी नलिनी जियालाल फाये (81) का 28 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. डॉ. जेबी फाये की पत्नी और राजेश फाये, शैलेष फाये, धनेश फाये, भूपेश फाये एवं मंजूषा म्हस्के की माता थीं।

### नानकी देवी वाधवानी



रायपुर। अमलीडीह पीयूष कॉलोनी निवासी नानकी देवी वाधवानी (85) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक वाधवानी, कुमार वाधवानी की माता थीं।

## उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में धान रखने की हो रही समस्या

# खरीदी केंद्रों में धान जाम, किसान हो रहे परेशान, समिति प्रभारियों की बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर अब सहकारी समितियों में एक नई परेशानी खड़ी होने लगी है। धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की समस्या बढ़ गई है। राज्य के 2739 खरीदी केंद्रों में लगभग 16 सौ खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ है। धान खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन गई है। उठाव नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रों में धान रखने की समस्या हो रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थिति को देखते हुए भी मार्कफेड और खाद्य विभाग के अधिकारी सुस्ती बरत रहे हैं। अब तक मिलर्स और ट्रांसपोर्टर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष धान बेचने के लिए 27 लाख 43 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। 15 नवंबर से धान खरीदी की जा रही है। अब तक 40 दिनों में 11.51 लाख किसानों से 60 लाख 87 हजार 547 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं उठाव के लिए 15 लाख मीट्रिक टन का डीओ और टीओ जारी किया गया, जिसमें मिलर्स और ट्रांपोर्टर्स द्वारा 11 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। शेष धान उपार्जन केंद्रों में पड़ा हुआ है। धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की समस्या बढ़ गई है। लगभग आधे से अधिक खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ है, जो सूखने लगा है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो इस वर्ष जिलों में मिलरों का कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध किया गया है, जिनके द्वारा 10 लाख 82 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।



### कई जिलों में खरीदी बंद होने के आसार

बफर लिमिट से अधिक धान जमा होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ रही है। कई खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह न होने के कारण खरीदी बंद होने के आसार हैं। इनमें कवर्धा के 108 में से 80 खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ। गरियाबंद की 90 खरीदी केंद्रों में से 85 में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ है। वहीं महासमुंद के 182 खरीदी केंद्रों में से 130 में बफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ है। बेमेतरा जिले की 129 खरीदी केंद्रों में से 103 में बफर स्टॉक है। बलौदाबाजार के 166 खरीदी केंद्रों में से 111 में बफर स्टॉक है। अन्य जिलों में बालोद, राजनांदगांव, धमतरी, दुर्ग, रायपुर में खरीदी केंद्रों में धान का बंपर स्टॉक जमा हो गया है।आने वाले दिनों में उठाव में तेजी नहीं आई तो धान खरीदी पर असर पड़ेगा।

### समितियों को सूखत का डर

15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद लगातार किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसान अपना धान लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। अब प्रतिदिन दो से तीन लाख टन धान की आवक हो रही है। आवक के आधार पर समितियों द्वारा खरीदी की जा रही है। समितियों में धान जमा होने के साथ डीएमओ को उपार्जन केंद्रों में जमा धान की रिपोर्ट दे रहे हैं। डीएमओ द्वारा परिवहन के लिए डीओ नहीं काटने के कारण धान खुले में पड़ा है। दोपहर में धूप तेज होने के कारण धान की नमी में कमी देखने में आ रही है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण समितियों को अब सूखत से नुकसान होने का खतरा बढ़ने लगा है।

### खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट बढ़ाई

धान खरीदी की नीति में पहले खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट कम थी, इसे इस साल बढ़ा दिया गया। बफर लिमिट बढ़ाने के बाद भी अब मार्कफेड धान का उठाव नहीं कर पा रहा है। बफर लिमिट बढ़ाने का फायदा समितियों को न मिलकर उल्टा नुकसान देखा जा रहा है। मिलरों द्वारा परिवहन न करने के पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि उनके पास उठाव की लिमिट तय है। कुछ मिलरों ने यह लिमिट पिछले साल के धान की मिलिंग पूरी न करने के कारण क्रॉस कर ली है। वहीं संग्रहण केंद्रों में मार्कफेड की तैयारी न होने के कारण परिवहन नहीं किया जा रहा है।

## अनियमित कर्मचारियों ने किया जंगी प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा
- एक दिवसीय जंगी प्रदर्शन का किया आयोजन

छत्तीसगढ़ प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रविवार को तूता नवा रायपुर में जंगी प्रदर्शन किया। साथ ही जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में अनियमित कर्मचारी जैसे-आउटसोर्सिंग (प्लेसमेंट), सेवा प्रदाता, ठेका, समूह-समिति के माध्यम से नियोजन, जॉबदर, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर पर कार्यरत श्रमिक, मानदेय, अशंकालिक के रूप विगत 5 वर्ष से लेकर 25-30 साल से किसी न किसी प्रकार से शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में सतत रूप से कार्यरत हैं किन्तु विडम्बना है कि आज तक "अनियमित कर्मचारी" जैसे शब्दों से तिरस्कृत हैं। सेवा प्रदाता, समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद करने 28 दिसंबर को तूता, नवा रायपुर में एक दिवसीय जंगी प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ बिहान संयुक्त कैडर एवं कर्मचारी कल्याण संघ, ट्यूटर शिक्षक संघ मोहला मानपुर, पोटाकेबिन अनुदेशक, भृत्य कर्मचारी, शिक्षा मितान एवं कृषि शिक्षक संघ बीजापुर, छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन आदि सहित छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ संघ के हजारों कर्मचारी संघ ने अंत में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त किया।

## पैसेंजर ट्रेन में मिली युवक की लाश, आत्महत्या की आशंका

रायपुर। टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर ट्रेन में रविवार को सुबह 10 बजे एक कोच के अंदर युवक की लाश फांसी पर लटकती हुई मिली। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृत युवक ट्रेन के एक कोच में पंखे के सहारे लटकते पाया गया। यात्री जब ट्रेन पर सवार हुए तो उन्होंने युवक की लाश दिखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला माना है। हालांकि अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी आयु 30 से 35 साल है। पुलिस आसपास के यात्रियों और स्टेशन कर्मियों से पूछताछ कर रही है, ताकि मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। युवक ने जिस वक्त फांसी लगाई उस दौरान ट्रेन पूरी तरह खाली थी। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देर से पहुंची थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्च्यूरी भेज दिया है। घटना की सूचना संबंधित थानों को भी दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## पेज 11 के शेष ...

### ये है 'ए ग्रेड ...

ना केवल रविवि का प्राकृतिक सौंदर्य प्रभावित हुआ है बल्कि छात्रों को भी असुविधा हो रही है। रविवि में विभिन्न तरह के प्रशासनिक कार्यों के लिए आने वाले विद्यार्थी अपनी बारी का इंतजार करते हुए इन उद्यानों में ही वक्त बीताते रहे हैं। अब वे यहां-वहां भटकते नजर आते हैं। इसके अलावा छात्रों का एक वर्ग समूह अध्ययन के लिए भी इस गार्डन का इस्तेमाल करता था, अब उन्हें भी अध्ययन-अध्यापन के लिए अन्य जगह तलाशनी पड़ रही है।

### इंटरनेशनल ड्रग ...

साइंस सेंटर के पास ड्रग के साथ पकड़ा। एक अन्य मामले में टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार निवासी मनीष रोचलानी को 3.60 लाख रुपए कीमत की 20 ग्राम के करीब हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। मनीष पूर्व में लूट के आरोप में जेल जा चुका है। ***हर इवेंट की जानकारी पैडलरों तक पहुंच रही*** : होटल के साथ क्लब संचालक युवाओं को आकर्षित करने नए साल के साथ सामान्य दिनों में इवेंट आयोजित करते रहते हैं। राजधानी में आयोजित इवेंट की जानकारी इंटरस्टेट ड्रग पैडलरों तक सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यम से पहुंच रही है। इवेंट के पूर्व पैडलर आयोजन में ड्रग खपाने की व्यवस्था कर युवाओं को ड्रग परोसने का काम कर रहे हैं। इसे रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। ***इसलिए आकर्षित हो रहे पैडलर*** : पंजाब, राजस्थान, गुजरात के साथ मध्यप्रदेश में जिस कीमत में युवा ड्रग खरीदते हैं। उससे तीन से चार गुना कीमत पर रायपुर में ड्रग की बिक्री होती है। हेरोइन चिट्टा पंजाब में महज हजार से पांच सौ रुपए कीमत पर मिल जाता है, वहीं हेरोइन चिट्टा रायपुर में प्रतिग्राम पांच से आठ हजार रुपए तक बिकता है। इसलिए इंटरस्टेट ड्रग तस्करों के लिए रायपुर पसंदीदा शहर है। ***बदलते अपराध के साथ बदलती पुलिस की रणनीति***: लगातार चल रही पुलिस कार्रवाई के कारण अब ड्रग तस्कर अपने पारंपरिक तरीकों को छोड़कर नए पैटर्न अपना रहे हैं। जांच में सामने आया है कि संगठित नेटवर्क अब शहरी इलाकों से दूरी बनाते हुए आउटर क्षेत्रों, फार्महाउस पार्टियों एवं निजी आयोजनों को लक्ष्य बना रहे हैं और कम मात्रा में हाई-वैल्यू ड्रग की आपूर्ति कर जोखिम कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बदले हुए आपराधिक व्यवहार को ध्यान में रखते हुए रायपुर पुलिस इंटेलिजेंस-ड्रिवन, एंड-टू-एंड विवेचना और माइक्रो-लेवल सर्विलांस अपना कर कार्रवाई कर रही है।

### वाट्सएप समेत कई ...

प्रतिबंध है। इस वजह से लोग पाकिस्तान तथा बांग्लादेश में रहने वाले अपने परिचित तथा रिश्तेदारों से आईएमओ कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। केंद्रीय खुफिया विभाग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पिछले दिनों एक हजार के करीब लोगों का पुलिस ने पुलिस लाइन लाकर वेरिफिकेशन किया। साथ ही उनके दस्तावेजों की जांच की। जिनके दस्तावेजों में कमी पाई गई उन्हें दस्तावेज दुरुस्त कर लाने के निर्देश दिए गए, साथ ही पुलिस ऐसे लोगों के बारे में अपने स्तर पर पतासाजी करने में जुटी हुई है।

## प्रदेश की ग्राम पंचायतों में 5 जनवरी से कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीडब्ल्यूसी के निर्णय के बाद पीसीसी ने बनाई रणनीति

मनरेगा कानून में किए गए संशोधन के खिलाफ कांग्रेस 5 जनवरी से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है। दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया, जहां देशभर में मनरेगा के विरोध का ऐलान किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की है। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ की हर ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस मजदूरों को बताएगी कि नए कानून से काम की गारंटी कैसे कमजोर हो रही है और इसका सीधा असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ेगा। आंदोलन की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार ने सुनियोजित तरीके से मनरेगा की मांग-आधारित व्यवस्था को कमजोर किया है। काम की कानूनी गारंटी खत्म कर रोजगार को बजट और प्रशासनिक फैसलों पर छोड़ दिया गया है।

### मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला

पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा, यह करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला है और देश की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश है। कांग्रेस ने नए फंडिंग फॉर्मूले पर भी आपत्ति जताई है। पार्टी का आरोप है कि अब छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को योजना का 40 प्रतिशत खर्च खुद उठाना होगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ेगा।

मकान बनाने पीएफ के पैसे निकालकर रखी थी महिला सफाईकर्मी

## सफाईकर्मी के घर से पौने तीन लाख रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना

राजेंद्र नगर थाने में नगर निगम की एक महिला सफाईकर्मी ने अज्ञात चोर के खिलाफ पौने तीन लाख रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने मकान बनाने अपने तथा अपने पति के पीएफ अकाउंट से पैसे निकलवाने के साथ अलग से पैसे जमा कर रखे थे, जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। महिला ने किसी जानकार द्वारा रुपए चोरी कर ले जाने की आशंका जताई है।

पचपेड़ी नाका, गुरुमुख सिंह नगर निवासी दिलजान मंडावी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपने घर की आलमारी में लकड़ी की पेटी में पैसे रखे थे। 25 दिसंबर को उसके बेटे का जन्मदिन था। इसके लिए उसने अपने बेटे को 25 हजार रुपए दिए थे। उसी दिन महिला को अपनी बेटी की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली। इसके बाद वह अपनी बेटी से मिलने दुर्ग चली गई। दूसरे दिन महिला को उसके बेटे ने कॉल कर बताया कि अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर आलमारी से नकदी रकम चोरी कर ले गया है।

### पैसे कहां से आए पूछने पर पड़ोसी ने की मारपीट

दिलजान ने पुलिस को बताया कि उसने तथा उसके बेटे ने अपने पड़ोसी श्याम कुमार मरकाम तथा उसके बेटे को अपने घर में नोट गिनते देखा। इसे लेकर महिला तथा उसके बेटे ने अपने पड़ोसी से रकम के स्त्रोत के बारे में पूछताछ करते हुए अपने घर में चोरी होने की जानकारी दी। इस बात से नाराज होकर श्याम कुमार मरकाम तथा उसके बेटे ने महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की। अस्पताल में उपचार कराने के बाद रविवार को महिला तथा उसका बेटा थाने में चोरी एवं मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।


## दुर्गा नगर को बचाने एकजुट हुए रहवासी, निवेदन नहीं, सीधे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महाबैठक में निर्णय, पहले आवेदन-निवेदन, नहीं तो करेंगे आंदोलन

राजधानी रायपुर के हृदय स्थल पर स्थित दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती के 120 परिवारों के भविष्य पर एक बार फिर से संकट के बादल मंडरा रहे हैं। नगर निगम द्वारा एक 1600 करोड़ के प्रोजेक्ट के नाम पर इन गरीब परिवारों को शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर, बुनियादी सुविधाओं से वंचित पुराना विधानसभा के आगे 'पिरदा' इलाके में विस्थापित करने की तैयारी के विरोध में बस्ती के लोगों और पूरे गाड़ा समाज ने एकजुट होकर दुर्गा नगर में एक बैठक रखी। इस महाबैठक में सैकड़ों की संख्या में सामाजिक मुखिया, नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजजन शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में यह घोषणा की कि दुर्गा नगर को बचाना है और किसी भी हाल में अन्यायपूर्ण विस्थापन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

रविवार की महाबैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने दुर्गा नगर के निवासियों के साथ एकजुटता का आव्हान करते हुए सरकार की इस नीति पर आपत्ति जताई। जनता कांग्रेस छग के मुख्य प्रवक्ता व अधिवक्ता भगवानू नायक कहा, यह गरीब और दलित विरोधी नीति है, जिस जगह में जिनकी कई पीढ़ियां गुजर गईं, उन्हें वहीं रहने दिया जाए। उनको हटाना असंवैधानिक और अव्यावहारिक है। इससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार बुरी तरह प्रभावित होंगे। हम समाज के हर वर्ग से इस न्यायपूर्ण मांग का समर्थन करने और दुर्गा नगर के लोगों के साथ खड़े होने की अपील करते हैं। बैठक में सामाजिक युवा नेता भरत छुरा, हेमलाल नायक, चंदू बघेल, गुड्डु भतरिया ने बताया कि दुर्गा नगर के निवासियों का आग्रह स्पष्ट और न्यायसंगत है।



### महाबैठक में बनाई स्पष्ट रणनीति

***तत्काल संवाद*** : समाज के प्रतिनिधि शीघ्र ही रायपुर महापौर मीनल चौबे से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

***प्रतिरोध का संकल्प*** : नगर निगम द्वारा पिरदा में दी गई चाबियों को वापस किया जाएगा, यह स्पष्ट करते हुए कि दूरदराज के इलाके में विस्थापन अस्वीकार्य है।

***शीर्ष नेतृत्व से अपील*** : इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल रमेन डेका, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक पुरंदर मिश्रा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

***अंतिम विकल्प*** : यदि इन सभी शांतिपूर्ण प्रयासों के बाद भी निवासियों की न्यायोचित मांगें नहीं सुनी गईं तो समाज सड़क पर उतरकर अहिंसक आंदोलन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

महाबैठक में प्रमुख रूप से समस्त मोहल्लेवासी दुर्गा नगर के रामू नायक, संकीर्तन तांडी, वैष्णव भत्रिया (गुड्डू), गोलू हरपाल, वीर तांडी, साजन बाघ, गाड़ा समाज समाजसेवी कार्यकर्ता गोपाल सोना, दयालू गाड़ा, ईश्वरी छत्री, रमन तांडी, आनंद मुंगरी, सदाशिव सोनी, शरद जाल, भरत छुरा, गोलू भत्रे, मुकेश मोंगराज, चंदू बघेल, हेमलाल नायक, मंगल छत्री, पुरोहित छत्रिया, सूरज सोनी, पीलू कुलदीप, हरीश बाघ, सूरज तांडी, भरत सोना, प्रेम तांडी, हुरदा दीप, सूरज भाई, मोहन नायक, प्रमोद महानंद, किशन डोंगरी, सावन कुमार, राजेंद्र प्रधान, सचिन बघेल, बजरंग तांडी, बल्लू बाघ, विनोद तांडी, अनूप कुमार, पंकज सोनी, रोहित बाघ, रोहित रोहन नायक, हरि तांडी, प्रकाश दीप, रोशनी बाघ, प्रमोद बोय, पिंकी निहाल, मीरा सोनी, संतोषी सोनी, सीमा छत्रिया इत्यादि समाजजन उपस्थित थे।

# नाम की स्पेलिंग में सुधार मान्य, लेकिन नहीं बदल सकेंगे मोबाइल नंबर और पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से डायरेक्ट रिक्रूटमेंट कोटा परीक्षा 2026 के तहत ग्रुप ए, बी और सी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर को समाप्त हो गई है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि केवल वही अभ्यर्थी आगे की प्रक्रिया में शामिल होंगे, जिन्होंने आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक किया हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सीबीएसई उम्मीदवारों को एक बार आवेदन में सुधार करने का मौका देगा। इसके लिए 29 दिसंबर (सोमवार) और 30 दिसंबर (मंगलवार) को करेक्शन विंडो खोली जाएगी, जो 30 दिसंबर रात 11:59 बजे तक सक्रिय रहेगी। बोर्ड ने साफ किया है कि यह सुविधा सिर्फ एक बार दी जा रही है, इसलिए उम्मीदवारों को सुधार बहुत सावधानी से करना होगा। करेक्शन विंडो के दौरान उम्मीदवार अपने नाम (केवल मामूली स्पेलिंग सुधार, कक्षा 10 के प्रमाण पत्र के अनुसार), पिता या माता का नाम (सिर्फ स्पेलिंग सुधार), जेंडर और राष्ट्रीयता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो और सिग्नेचर दोबारा अपलोड करना (अगर पहले स्पष्ट न हों), एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने की स्थिति में संबंधित फीस का संशोधन जैसे सुधार ही कर सकेंगे।

## सीबीएसई कर रहा है डायरेक्ट रिक्रूटमेंट, इनमें ग्रुप ए, बी और सी के पद शामिल

### उम्मीदवारों के लिए जरूरी निर्देश

करेक्शन विंडो का उपयोग सिर्फ वही उम्मीदवार कर सकते हैं, जिन्होंने फीस के साथ आवेदन सफलतापूर्वक जमा किया हो। यह आखिरी मौका होगा, इसके बाद किसी भी तरह का सुधार संभव नहीं होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें। अगर किसी उम्मीदवार को आवेदन या करेक्शन से जुड़ी समस्या आती है, तो वे टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके पूर्व सीबीएसई ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति भर्ती के तहत होने वाली परीक्षा के शेड्यूल जारी किए थे।




### वापस नहीं होगी भुगतान की फीस

अगर किसी सुधार के कारण अतिरिक्त शुल्क बनता है, तो उसका भुगतान करना अनिवार्य होगा। हालांकि, अधिक भुगतान की गई फीस वापस नहीं की जाएगी। इन जानकारियों में बदलाव नहीं होगा सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विवरण ऐसे हैं, जिनमें किसी भी हालत में सुधार की अनुमति नहीं होगी। इनमें रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, परीक्षा केंद्र या परीक्षा शहर, आवेदन संख्या, जन्मतिथि, श्रेणी/उप-श्रेणी, पहचान पत्र विवरण (आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी आदि), पत्राचार और स्थायी पता शामिल है।

## खबर संक्षेप

### हृदय जांच शिविर में 301 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत जिलेभर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साईं हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को अर्बन की 3 टीम एवं धरसींवा की 1 टीम ने खारुन विहार रेलवे जोन में आयोजित स्काउट एंड गाइड के कैंप में पहुंचकर 301 बच्चों की स्क्रीनिंग की, जिसमें 175 लड़के एवं 126 लड़कियां शामिल थीं।

### केटीयू में कुभाभाऊ ठाकरे की मनाई पुण्यतिथि, 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। साथ ही उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संभागायुक्त महादेव कावरे ने पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे सादगी, शुचिता और सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ रहे हैं। राष्ट्र निर्माण और संगठन को मजबूत करने में आपका अतुलनीय योगदान अविस्मरणीय है। सामाजिक-राजनीतिक जीवन में शीर्ष नेतृत्वकर्ता होने के साथ ही हजारों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और आदर्श रहे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन बिहान के धरसींवा विकासखंड और सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, नवागांव के सहयोग से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जनसंचार विभाग सभागृह में किया गया है। सभा में कार्य परिषद सदस्य प्रभात मिश्र और कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने भी श्रद्धांजलि वक्तव्य दिया। सभा का संचालन शैलेंद्र खंडेलवाल ने और आभार प्रदर्शन सौरभ शर्मा उपकुलसचिव ने दिया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. राजेंद्र मोहंती सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में 10.70 लाख क्विंटल धान का उठाव

**रायपुर।** रायपुर जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध समितियों के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 15 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक कुल 32 लाख 33 हजार 949.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। इसमें मोटा धान 340326.80 क्विंटल, पतला धान 119931.20 क्विंटल एवं सरना धान 2773691.60 क्विंटल शामिल है। उपार्जित धान के विरुद्ध मिलर्स को अब तक 1365520.52 क्विंटल धान उठाव के लिए वितरण आदेश (डीओ) जारी किए गए हैं। इनमें मोटा धान 317767.92 क्विंटल, पतला धान 103580.00 क्विंटल तथा सरना धान 944172.60 क्विंटल शामिल है।

## कोचिंग टर्मिनल विकसित होने से भीड़ का दबाव कम होगा

# रायपुर को मिलेगा नया कोचिंग टर्मिनल, दुर्ग में वंदे भारत डिपो, नवा रायपुर बनेगा वैकल्पिक टर्मिनल हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रायपुर को जल्द ही एक बड़ा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड मिलने जा रहा है। यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और मौजूदा स्टेशन पर ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए नया रायपुर (केंद्री) में एक ऑप्शनल कोचिंग टर्मिनल विकसित करने की योजना है।

इस टर्मिनल के निर्माण से रायपुर रेलवे स्टेशन पर भीड़ का दबाव कम होगा और भविष्य में नई ट्रेनों की शुरुआत की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के प्रमुख शहरों में यात्रियों की बढ़ती मांग के मद्देनजर कोचिंग टर्मिनल का विस्तार आवश्यक हो गया है। इससे रेल नेटवर्क न केवल मजबूत होगा, बल्कि कनेक्टिविटी में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। रायपुर जंक्शन, बिलासपुर-नागपुर रेलखंड का एक प्रमुख स्टेशन है, जहां से रोजाना 122 कोचिंग ट्रेनें संचालित होती हैं। इनमें 76 मेल/एक्सप्रेस और 46 पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। स्टेशन पर वर्तमान में 7 प्लेटफॉर्म हैं और 14 ट्रेनें दुर्ग से शुरू होती हैं, जिससे संचालन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इस बढ़ते दबाव को कम करने के उद्देश्य से रेलवे ने केंद्री को एक वैकल्पिक और भविष्य के कोचिंग हब के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है।



### नया रायपुर में आधुनिक सुविधाओं से लैस कोचिंग टर्मिनल बनाएंगे

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा नया रायपुर (केंद्री) में प्रस्तावित वैकल्पिक कोचिंग टर्मिनल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस टर्मिनल में 9 प्लेटफॉर्म, 1 होम प्लेटफॉर्म, 4 आइलैंड प्लेटफॉर्म, 5 पिट लाइनें, 5 स्टेबलिंग लाइनें, 4 इंटरमीडिएट ओवरहॉलिंग लाइनें, 4 मैकेनिकल लाइनें और 3 शंटिंग नेक शामिल होंगे। इस संरचना के तैयार होने से रायपुर क्षेत्र की कोचिंग क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और नई ट्रेनों के संचालन में सुविधा बढ़ेगी। इससे मुख्य रायपुर स्टेशन पर भीड़ का दबाव भी काफी हद तक कम होगा।

### ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम लागू किया जा रहा

बिलासपुर-नागपुर रेलखंड (रायपुर सहित) में कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसमें चौथी रेललाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है, जिससे संचालन और अधिक तेज तथा सुरक्षित हो सकेगा। खरसिया से परमालकसा तक डबल लाइन का निर्माण भी जारी है, जो नया रायपुर को आगे के रेल सेक्शनों से और मजबूत रूप से जोड़ेगा। इन सभी अपग्रेड्स से ट्रेनों की स्पीड, सुरक्षा और समयबद्धता में सुधार होगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो बनेगा

रायपुर संभाग को एक और बड़ी सौगात मिलेगी। दुर्ग में 50 करोड़ की लागत से वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो बनाया जाएगा। जहां हाईस्पीड ट्रेनों का बेहतर रखरखाव हो सकेगा। इससे भविष्य में और वंदे भारत ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ होगा। रायपुर स्टेशन का वर्ल्ड क्लास री-डेवलपमेंट किया जा रहा है। आधुनिक टर्मिनल डिजाइन, बेहतर सर्कुलेशन एरिया, यात्री सुविधाओं का समग्र उन्नयन, बेहतर पहुंच और यात्री प्रवाह प्रबंधन, इससे न सिर्फ यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि ट्रेन संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। 2030 की जरूरतों को ध्यान में रखकर रेलवे का यह रोडमैप रायपुर के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। नया रायपुर टर्मिनल, चौथी लाइन और स्टेशन री-डेवलपमेंट मिलकर राजधानी को मध्यभारत का मजबूत रेल केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

## ड्रोन से निगरानी, पुष्टि होने के बाद फार्म हाउस में छापा, 16 जुआरियों को दबोचा



**रायपुर।** आउटर के फार्म हाउस में ड्रग के साथ शराब पार्टी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने एक फार्म हाउस की ड्रोन से निगरानी की, उसके बाद एक साथ 16 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख 12 हजार रुपए कैश जब्त किए हैं। घटना मुजगहन थाना क्षेत्र की है। फार्म हाउस में जुआ संचालित करने वाला फार्म हाउस संचालक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करने की जानकारी दी है।

- जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 2.12 लाख कैश जब्त किया

मुजगहन पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को शहर के आउटर में अलग-अलग फार्म हाउस में वीक एंड तथा रविवार को ड्रग के साथ बगैर अनुमति शराब पार्टी होने की जानकारी मिली थी। आयोजक अपने फार्म हाउस के आसपास मुखबिर तैनात रखते थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अवैध गतिविधि रोकने चिन्हित फार्म हाउस की ड्रोन से निगरानी की। ड्रोन में जुआरियों द्वारा जुआ खेले जाने की पुष्टि होने के बाद तीन दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने खुशी फार्म हाउस को चारों तरफ से घेरकर जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया।

### जुआ खेलते धरे गए ये जुआरी

महावीर नगर निवासी सुरेश साहू, दुर्ग पाटन निवासी नागेंद्र कुमार वर्मा, देवेंद्र यादव, सुरेंद्र कुमार, अमलीडीह निवासी गोविंद कुमार, प्रेमशंकर धीवर, राजेंद्र कुमार साहू, मुजगहन निवासी इशू देव वर्मा, सेजबहार निवासी नारायण ढीमर, कृष्णा गेंदरे, दुर्ग उतई निवासी कैलाश चतुर्वेदी, न्यू राजेंद्र नगर निवासी डोमन निषाद, दतरेंगा निवासी नेतराम साहू, भाठागांव निवासी सौरभ राजपूत, डूमरतराई निवासी गुरुप्रीत सिंग तथा कमल विहार निवासी सूरज साहू को पुलिस ने

## स्टेशन की सफाई के लिए खरीदी आधा दर्जन मशीनें कबाड़, मेंटेनेंस के अभाव में अब धूल फांक रहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए खरीदी गई महंगी मशीनें अब कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। प्लेटफॉर्म की सफाई के लिए 30 हजार से अधिक कीमत पर खरीदी गईं आधा दर्जन मशीनें काफी समय से खराब पड़ी हैं और अब पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी हैं। इन मशीनों का रखरखाव न होने से वे अब चलाने लायक भी नहीं रहीं। पहले इन्हें साफ-सफाई विभाग में रखा गया था, लेकिन मॉडल स्टेशन प्रोजेक्ट के तहत तोड़फोड़ के बाद सफाई ठेकेदार ने इन्हें प्लेटफॉर्म-7 पर शिफ्ट कर दिया है, जहां ये धूल खा रही हैं।

- सफाई मशीनों का रखरखाव न होने से वे अब चलने लायक भी नहीं

इससे पहले ये मशीनें साफ-सफाई के कार्यालय में रखी हुई थीं। हरिभूमि ने जब मंगलवार को स्टेशन पर जाकर स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि मशीनें लंबे समय से उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं। खराबी आने के बाद ठेकेदार की ओर से इन्हें दुरुस्त कराने की कोई कोशिश नहीं की गई। आधुनिक सफाई के लिए मशीनें तो खरीदीं, लेकिन मेंटेनेंस सिस्टम की लापरवाही के कारण यह योजना अब फेल होती नजर आ रही है। सभी मशीन 5 साल से अधिक पुरानी हो चुकी हैं।

### प्लेटफार्म-1 तक सीमित, बाकी जगह कर्मचारी कर रहे मेहनत

रेलवे की योजना थी कि हर प्लेटफार्म की सफाई आधुनिक मशीनों से हो, ताकि समय और श्रम दोनों की बचत हो, लेकिन मशीनें खराब होने के बाद योजना अधूरी रह गई। फिलहाल सिर्फ प्लेटफार्म-1 पर ही मशीन से सफाई हो रही है, जबकि बाकी प्लेटफार्म पर कर्मचारी पारंपरिक तरीके से सफाई कर रहे हैं।



### कबाड़ बनकर सड़ती रहेंगी सफाई मशीनें

रेलवे स्टेशन की सफाई के लिए खरीदी गई बड़ी-छोटी मशीनें अब पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। कुछ मशीनों के झाड़ू टूट चुके हैं तो कुछ के सीट और गियर में तकनीकी खराबी आ चुकी है। वर्षों से बंद पड़ी इन मशीनों को अब प्लेटफार्म-7 पर शिफ्ट कर दिया गया है, जहां वे सिर्फ अब कबाड़ बनकर जगह घेर रही हैं।



## मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, कुशाभाऊ ठाकरे का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। वे सत्ता-प्राप्ति को उद्देश्य नहीं, बल्कि जनसेवा को राजनीति का परम लक्ष्य मानते थे। मूल्य-आधारित राजनीति, चरित्र, अनुशासन और कर्मठता उनके सार्वजनिक जीवन की पहचान रही। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**जालसाज ने एपीके फाइल भेजकर ठगी का शिकार बनाया**

## आरटीओ के नाम से भेजा फर्जी ई-चालान दो कारोबारियों से 14 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एंड्राइड पैकेज किट (एपीके) फाइल भेजकर 10 लाख की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस कारोबारी के साथ ठगी की घटना हुई है, उस कारोबारी के मोबाइल में उसके परिचित के कारोबारी के मोबाइल नंबर से मैसेज आया था। जिस कारोबारी के मोबाइल के मैसेज आया था, उस कारोबारी के साथ भी जालसाज ने चार लाख की ठगी की है।

फाफाडीह न्यू टिंबर मार्केट निवासी पंकज पटेल का स्विच गेयर के नाम से संस्थान है, उसने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पंकज ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल में 18 दिसंबर को उसके परिचित कारोबारी रमेश गति ट्रांसपोर्ट के मोबाइल से आरटीओ ई-चालान डॉट एपीके फाईल से मैसेज आया था। दूसरे दिन कारोबारी ने मैसेज खोलकर फाइल डाउनलोड की। मैसेज डाउनलोड करने के तीन दिन बाद 22 दिसंबर को इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) से कारोबारी के अकाउंट से 10 लाख रुपए जालसाज के अकाउंट में ट्रांसफर हो गए।




### ऐसे बनाया ठगी का शिकार

जालसाज ने पहले रमेश गति ट्रांसपोर्ट के मोबाइल में आरटीओ का फर्जी ई-चालान भेजा, जिसे कारोबारी ने डाउनलोड किया। फाइल डाउनलोड करने के बाद कारोबारी के मोबाइल को जालसाज ने हैक कर उसके अकाउंट से चार लाख रुपए आहरित कर लिए। इसके साथ ही जालसाज ने कारोबारी के सभी कांटेक्ट नंबर कॉपी कर उससे जुड़े लोगों को उसी कारोबारी के नंबर से फर्जी ई-चालान का मैसेज भेजा। परिचित के कारोबारी होने की वजह से पंकज ने उक्त मैसेज को क्लिक करने के साथ ही डाउनलोड किया। इसके बाद जालसाज ने पंकज के अकाउंट से 10 लाख निकाल लिए।

### भूलकर भी डाउनलोड न करें एपीके फाइल

एपीके फाइल मोबाइल रिमोट है। अगर कोई किसी को एपीके फाइल भेजता है तो उसे क्लीक करने के साथ डाउनलोड करने पर मैसेज भेजने वाला सामने वाले मोबाइल को हैक कर लेता है। मोबाइल हैक करने के बाद साइबर अपराधी सामने वाले व्यक्ति के अकाउंट का गलत इस्तेमाल करने के साथ बैंक अकाउंट में आसानी से सेंध लगा सकता है।

### लगातार कर रहे अलर्ट

जालसाज लोगों को बकाया बिजली बिल, ट्रैफिक, परिवहन के साथ आयुष्मान योजना को लेकर एपीके फाइल भेजकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसे लेकर संबंधित विभाग लोगों को अलर्ट करता रहता है। बावजूद इसके लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे ठगी से बचने का एक ही उपाय है। किसी भी सरकारी विभाग के मैसेज आने पर मैसेज के आखिरी में एपीके फाइल लिखा होने पर उसे तत्काल डिलीट कर देना चाहिए। साथ ही वाट्सएप में ऑटो डाउनलोड सिस्टम ऑफ रखना चाहिए, अन्यथा फाइल ऑटोमैटिक डाउनलोड हो जाएगी। इसके बाद जालसाज अकाउंट हैक कर सकता है।

## डीएड प्रशिक्षित हो रहे हैं पदोन्नति से वंचित, नए नियम से प्रदेशभर के शिक्षक प्रभावित

# व्याख्याता पदोन्नति के लिए बीएड अनिवार्य ब्रिज कोर्स के लिए अड़े डीएलएड शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के डीएलएड शिक्षकों ने शासन से बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के नए नियम तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधनों के अनुसार व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए बीएड डिग्री अनिवार्य कर दी गई है। बीएड डिग्री नहीं होने की स्थिति में शिक्षक पदोन्नति प्राप्त नहीं कर सकेंगे। शिक्षकों ने शासन के साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद, एससीईआरटी व लोक शिक्षण संचालनालय को इस संदर्भ में खत लिखा है।

- बीएड उपाधि के बगैर नहीं बन सकेंगे व्याख्याता

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में व्याख्याता पदोन्नति के लिए प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएलएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है, इससे हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हुए है।



### प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्तर पर व्यवस्था की मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की मांग है कि प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) व पूर्व माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) में नियुक्त सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं, उन सभी के लिए एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स संधारण कर अनिवार्य 6 माह के बीएड 'ब्रिज कोर्स' का प्रावधान बनाते हुए शासन स्तर से शीघ्र ब्रिज कोर्स प्रारंभ की जाए। प्रदेश के हजारों डीएड व समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षकों के भविष्य को ध्यान रखते हुए विभागीय बीएड ब्रिज कोर्स कराने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की गई है।

### एनसीटीई में भी प्रावधान

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई, बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान निर्णय और एनसीटीई के दिशा-निर्देश के के अनुसार, प्राथमिक सहायक शिक्षकों व पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिये प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता की गई है। इससे हजारों शिक्षक प्रभावित होकर प्रमोशन से वंचित व पीड़ति हुए है, इससे बीएड ब्रिज कोर्स की प्रासंगिकता व अनिवार्यता महसूस की जा रही है। प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न जिलों के शिक्षकों की पीड़ा को सामने रखते हुए ब्रिज कोर्स की मांग शासन से की है।

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 भक्त परिवार साल के पहले दिन करेंगे....

## एजुकेशन अलर्ट

# रेलवे ग्रुप डी के 22 हजार पदों पर 21 जनवरी से शुरू होंगे आवेदन




**रायपुर।** 10वीं पास के लिए रेलवे में सरकारी नौकरी पाने का सपना सच होने वाला है। रेलवे विभाग की ओर से ग्रुप डी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों में 22 हजार रिक्त पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन 21 जनवरी 2026 से स्टार्ट कर दिए जाएंगे। आवेदन शुरू होते ही उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। बता दें कि रेलवे ग्रुप डी भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 36 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग से आने वाले युवाओं को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

### मेडिकल एग्जामिनेशन में भाग लेना होगा

इस भर्ती में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को चयन के लिए सबसे पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) एग्जाम में भाग लेना होगा। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त कर लेंगे वे भर्ती के अगले चरण फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (पीईटी) के लिए सफल माने जाएंगे। पीईटी के बाद अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन एवं मेडिकल एग्जामिनेशन में भाग लेना होगा। सभी चरणों के बाद अभ्यर्थियों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। भर्ती में आवेदन के साथ एप्लीकेशन फीस के रूप में जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 500 रुपए जमा करना होगा। इसके अलावा एससी/ एसटी पीएच/ ईबीसी एवं सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों के लिए फीस 250 रुपए निर्धारित है। आरआरबी ग्रुप डी 2026 आवेदन पत्र भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल **rrbapply.gov.in** पर विजिट करना होगा। वेबसाइट के होम पेज पर आपको भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा। पहले अप्लाई में क्रिएट एन अकाउंट पर क्लिक मांगी गई डिटेल दर्ज करके पंजीकरण करना होगा। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर सकेंगे। फॉर्म भरने के बाद कैटेगरी वाइज निर्धारित फीस जमा करनी होगी। अंत में अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म को सबमिट करके उसका प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन मड़ई-2025 में निखर रही प्रतिभाएं

# विद्यार्थियों के माइम और स्किट ने जीवंत अभिनय से किया प्रभावित, लोककला में बिखरी संस्कृति की सतरंगी छटा

सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई-2025 के तीसरे दिन अभिनय और लोककला संस्कृति की झलक देखने को मिली। रविवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन कल्चरल फेस्ट के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने मूक व लघु नाटिका सहित देशभक्ति गीत व लोकगीत, आदिवासी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधी। माइम में सफेद चेहरे और काले पोशाक में बिना बोले केवल चेहरे के भाव भंगिमाओं और इशारे में अभिनय कला का प्रदर्शन करते हुए समसमायिक सामाजिक व पर्यावरणीय विषयों पर जागरूक किया।











**रायपुर।** छात्रों द्वारा अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन विविध विधाओं में किया गया। इसमें स्किट, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, डिजिटल फोटोग्राफी, देश भक्ति गीत गायन, एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों में प्रस्तुति देकर दर्शकों व निर्णायकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन जीता। विद्यार्थियों द्वारा विविध लोक नृत्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया गया। विभिन्न लोक नृत्यों पर विद्यार्थी एवं अन्य दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस तरह मड़ई 2025 का तीसरा दिन उत्साह और उमंग से भरपूर रहा। विद्यार्थियों ने कला की रंग-बिरंगी छटा बिखेरी और अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया एवं खूब वाहवाही और तालियां बटोरी।

### 25 से अधिक विधाओं में प्रतियोगिता

महोत्सव में मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य, मूक अभिनय, भाषण, लघु नाटिका, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, एकांकी, देश भक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं सहित 25 से अधिक विधाओं में आयोजन किया जा रहा है।

### समापन एवं पुरस्कार वितरण आज

सोमवार सुबह 9 बजे से लघु नाटिका, तात्कालिक भाषण, लोक एवं आदिवासी नृत्य तथा पाश्चात्य समूह गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मड़ई-2025 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह शाम 4 बजे सम्पन्न होगा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. लवली शर्मा, कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ होंगी। अध्यक्षता डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय करेंगे। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, आयोजन सचिव डॉ. सुनिल नाग, प्रतियोगिताओं के प्रभारी, निर्णायकगण तथा टीम मैनेजर्स भी उपस्थित रहेंगे।

### 31 महाविद्यालयों के लगभग 900 प्रतिभागी विद्यार्थी ले रहें भाग

इस 31वें अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव मड़ई-2025 में 31 महाविद्यालयों के लगभग 900 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। आयोजन में कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपने-अपने जिलों की लोक संस्कृति, लोक पर्व, स्थानीय रीति-रिवाज एवं अन्य विशेषताओं को प्रदर्शित कर रहे हैं। पारंपरिक परिधानों में सजे सांस्कृतिक दल स्थानीय लोक गीतों एवं लोक नृत्यों की अनुपम छटा बिखर रही हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख नृत्यों का प्रस्तुतीकरण आकर्षण का केंद्र बन रहा है। राउत नाचा, कर्मा, पंथी, भगौरिया आदि लोककला सहित पर्यावरण संरक्षण में हसदेव बचाओ, अरावली बचाओ, भारतीय प्रौद्योगिकी विकास के विषयों पर सार्थक संदेश भी प्रस्तुत कर रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# एनआईटी ने ओवरऑल चैंपियनशिप में मारी बाजी, पुरस्कृत हुए विजेता



**रायपुर।** एनआईटी में फैकल्टी और स्टाफ टूर्नामेंट 2025 में ओवरऑल चैंपियनशिप का आयोजन किया। इसमें संस्थान का प्रतिनिधित्व 25 फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के एक दल ने तीन खेल आयोजनों शतरंज, टेबल टेनिस और बैडमिंटन में किया। पूरे देश से भाग लेने वाले 26 एनआईटी संस्थानों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए, एनआईटी रायपुर ने असाधारण ऑल-राउंड प्रदर्शन किया और सभी आयोजनों में 34 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। संस्थान ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को उनके असाधारण प्रदर्शन, टीम वर्क और खेल भावना के लिए बधाई दी। यह उपलब्धि एनआईटी की अपने फैकल्टी और स्टाफ के बीच समग्र विकास, कल्याण और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भारत के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक है, जो अलग-अलग विषयों में एकेडमिक उत्कृष्टता, रिसर्च में प्रगति, इनोवेशन और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं शतरंज में प्रतिभागी डॉ. रूपेश कुमार देवांग, विकास शर्मा, कृष्ण कुमार, कपिल लंबोरा और डॉ. जी. श्रीनिवासु विजेता रहे। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल में पहला स्थान डॉ. मीना मुर्मू और धर्मेंद्र पांडे, महिला युगल में दूसरा स्थान, डॉ. सोनल यादव और डॉ. चेतना शर्मा राजपूत, महिला एकल में दूसरा स्थान पर डॉ. मीना मुर्मू रही।

**एनआईटी में इंटर एनआईटी फैकल्टी और स्टाफ टूर्नामेंट-2025 का हुआ आयोजन**

### ये रहे विजेता

चैंपियनशिप के खेल अधिकारी कमल सिंह मान रहे। टेबल टेनिस खेल में पुरुष एकल में पहला और दूसरा स्थान डॉ. सायोन प्रमाणिक और डॉ. शिरीष वी. देव, मिश्रित युगल में पहला स्थान डॉ. सायोन प्रमाणिक और डॉ. अल्फिया बानो, महिला युगल में पहला स्थान डॉ. नेहा गुप्ता और डॉ. अल्फिया बानो रही।

# कैडेट दीपिका पल्ला और श्रेया जान्हवी ने ट्विन सीटर माइक्रोलाइट प्रशिक्षण विमान में भरी उड़ान



**रायपुर।** एम्स की एमबीबीएस छात्राएं कैडेट दीपिका पल्ला एवं कैडेट श्रेया जान्हवी ने ट्विन-सीटर माइक्रोलाइट प्रशिक्षण विमान में सफलतापूर्वक उड़ान भरी। यह पहल चिकित्सा शिक्षा, विमानन कौशल और राष्ट्रीय सेवा के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एम्स के एनसीसी कैडेट्स ने बस्तर स्थित जगदलपुर हवाई अड्डे पर फ्लाइंग प्रशिक्षण के माध्यम से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह फ्लाइंग गतिविधि मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के तत्वावधान एवं रायपुर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय की देखरेख में आयोजित की गई। इस गतिविधि के अंतर्गत इस वर्ष की शुरुआत में शामिल किए गए एमबीबीएस एवं बीएससी नर्सिंग छात्रों सहित कैडेट्स को पहले सिम्युलेटर पर फ्लाइंग प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात हवाई अड्डे का भ्रमण एवं व्यावहारिक उड़ान अनुभव प्रदान किया गया। यह पहल छत्तीसगढ़ में एनसीसी के विमानन कार्यक्रमों के विस्तार का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करना है। प्रशिक्षण शिविर में कुल 11 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें 9 बालिका कैडेट्स शामिल थीं, जो कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण को दर्शाता है।

### छात्रों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवा की प्रेरणा

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने इस उपलब्धि को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवा के लिए बेहतर रूप से तैयार करते हैं। उन्होंने हवाई अड्डे का दौरा कर कैडेट्स से संवाद भी किया। यह फ्लाइंग उपलब्धि एम्स के एनसीसी कैडेट्स को एविएशन मेडिसिन एवं संबंधित क्षेत्रों में संभावित कॅरियर के लिए प्रेरित करती है। साथ ही कुशल युवा विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। एम्स छात्रों के समग्र विकास के लिए एनसीसी के साथ अपने सहयोग को आगे भी सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सियान गुड़ी को लेकर मंडल की आज ऑनलाइन मीटिंग

**रायपुर।** शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुके 90 वर्षीय सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्थान महाराष्ट्र मंडल रायपुर अपने सामाजिक दायित्व और कर्तव्य की कड़ी में आगामी 30 दिसंबर को सियान गुड़ी योजना का शुभारंभ करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त सियान गुड़ी योजना बुजुर्गों की सेवा का एक बड़ा अवसर है। महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि मंडल के समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह परिसर में सियान गुड़ी योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसे मराठी में आपुलकी योजना कहा जाता है। इसके क्रियान्वयन और रूपरेखा को लेकर सोमवार को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

### सभी व्हाट्सएप ग्रुप में मंडल ने जारी किया लिंक

इस बार बैठक का आयोजन ऑनलाइन मोड पर शाम 7:30 बजे से किया जाएगा। ऑनलाइन मीटिंग में महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष अजय काले, मंडल के सभी कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्यों को योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। ऑनलाइन जुड़ने के लिए लिंक महाराष्ट्र मंडल के सभी व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा जा रहा है। खंगन में आगे बताया कि सियान गुड़ी योजना वरिष्ठजनों के लिए शुरू की जा रही है। उन्होंने मंडल के वरिष्ठ सदस्यों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर लिंक से जुड़कर योजना के बारे में जानें। इस तरह से लोग घर बैठे महाराष्ट्र मंडल द्वारा शुरू की जा रही सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## गमलों की जगह पॉलिमर पॉट्स पर इंडोर और आउट डोर दोनों ही तरह के पौधे रोपने की चलन

# पॉलीमर पॉट में पौधे लगाकर नेचुरल लुक में डेकोरेशन का बढ़ा ट्रेंड

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सिटी में गमलों की जगह आकर्षक डिजाइन वाले पॉलिमर पॉट्स पर प्लांट लगाने का चल बढ़ रहा है। घर के हॉल, लिविंग रूम, बालकनी या मेन डोर के बाहर पॉलिमर पॉट्स पर इंडोर व आउट डोर दोनों ही तरह के पौधे रोपे जा रहे हैं। बागवानी विशेषज्ञ जयदेव साहू ने बताया कि घर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए आकर्षक डिजाइन वाले पॉलिमर से बने पॉट्स में पौधे लगाना आजकल लोगों को काफी भा रहा है। एक तरह से यह बालकनी गार्डनिंग का नया ट्रेंड बनकर उभरा है। पॉलिमर पॉट्स कीमत में गमले से थोड़ा महंगा जरूर है, पर यह घरों की सुंदरता में नेचरल के साथ-साथ एक एंटिक लुक जोड़ देता है। घरों में आने वाले गेस्ट को एकाएक आकर्षित करता है। गेस्ट इस डेकोरेशन का तारीफ किए बिना खुद को रोक नहीं पाते हैं। यह पॉलिमर पॉट शहर के पॉट विक्रेताओं या शिल्प एग्जीबिशन में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। इनमें पौधे लगाकर घर के अंदर, बाहर, बगीचे, बालकनी या लॉन में खूब डेकोरेट किया जा रहा है। यह पॉलिमर पॉट हर साइज में अवलेबल होता है। इसमें अपने मनपसंद पौधे हर साइज के उगाया जा सकता है। इस तरह से पॉलिमर पॉट आज घर के ग्रीनरी डेकोरेशन की पहली पसंद बन रही है।







### इन जगहों पर करें डेकोर

*सफेद रंग का गमला बड़े आकार के पौधे लगाने के लिए उपयुक्त हो सकता है। पॉलीमर से बना पॉट लिविंग रूम, बेडरूम, हॉल, लॉन, बगीचे या बालकनी में रखा जा सकता है। यह पौधा के अनुकूल और वेदर रेजिस्टेंट है, जिस वजह से इसे खुली जगह में भी आराम से रखा जा सकता है।*

### पॉट्स हल्के, मजबूत और मौसम प्रतिरोधी

ये पॉट्स हल्के, मजबूत और मौसम प्रतिरोधी होते हैं, जो मिट्टी के गमलों की तुलना में ज्यादा लंबे चलते हैं और इनमें पौधों भी स्वस्थ रहते हैं। इसमें बड़े आकार के पौधे लगाए जा सकते हैं। पॉलिमर से बना पॉट मजबूत होने के साथ-साथ हल्का भी होता है, जिसे उठा कर आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। यह पॉट को धूप, बारिश और नमी का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया रहता है, जिस वजह से आप इसे घर के बाहर या फिर अंदर भी आराम से रख सकते हैं। अतिरिक्त पानी इकट्ठा करने के लिए इस पॉट के साथ मैचिंग कलर का ड्रेनेज प्लेट भी मिलती है।

## सिटी लाइव

# प्रतिभागियों ने डांस, म्यूजिक और फाइन आर्ट से सजाया फेस्टिवल



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय डांस, म्यूजिक एवं फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल नाट्य नर्तक का भव्य आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से निर्णायकों के बीच अपनी छाप छोड़ी। दर्शक दीर्घा में मौजूद कला प्रेमियों का भी भरपूर मनोरंजन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कलावृक्ष आर्ट एंड डांस ग्रुप रायपुर की प्रतिभाशाली छात्राओं में आरात्रिका मुखर्जी, माही, किंजल, राघवी, आहना, हर्षिता, अनन्या, प्रियल, ओमी, स्वाति, नव्या एवं सृष्टि ने भरतनाट्यम, क्लासिकल एवं सेमी-क्लासिकल वर्ग में शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर का साक्षी बनने के लिए उनके पालक भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे।

### अतिथियों ने आयोजन को सराहा, बताई जरूरत

इनके सामने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपनी संस्था, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतिभागियों की इस सफलता के लिए उनकी गुरु श्वेता शर्मा को भी उनके महत्वपूर्ण योगदान, समर्पण एवं कुशल मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सम्राट चौधरी एवं ऋषिकेश पोहनकर उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष बल दिया। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को प्रतिभा खोज के लिहाज से उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होने चाहिए।

## समाज लाइव

# जरूरतमंदों और मरीजों के परिजनों को भोजन सेवा दे रहे संस्था के युवा



रायपुर। शहर की सर्वधर्म एवं सामाजिक संस्था अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति अपने नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन 28 वर्षों से कर रहा है। इस कड़ी में संस्थापक मो. सज्जाद खान अपनी युवाओं की टीम और सहयोगी कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते हुए अपने कुशल नेतृत्व में संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के सफल 2100 दिन पूर्ण किया। शासकीय डी.के.एस. अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल का वितरण करके रविवार को भी अपने दायित्वों का निर्वहन किया। संस्थापक ने बताया कि भूख-प्यास का कोई धर्म नहीं होता, इस पीड़ा को दूर करते हुए कोई बेबस भूखा न रहे, न कोई भूखा सोए। इस उद्देश्य से संस्था स्वतंत्र रूप से बिना किसी शासकीय अनुदान के सेवा देती है।

### भोजन और फलों का आज भी किया वितरण

जुबैर खान ने बताया कि आपसी सहयोग से कोरोनाकाल के शुरुआती दिनों से अनेक विषम परिस्थितियों, कठिनाइयों का सामना करते हुए संस्था वंचित निर्धन, असहाय जरूरतमंदों, निम्न तबके के लोगों की सहायता करके उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसमें अब तक लाखों निर्धन, जरूरतमंद लोग इस भोजन सेवा से लाभ प्राप्त कर चुके हैं, यह हमारी बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा संस्था द्वारा रात्रिकालीन ठंड और शीतलहर से बचाने के लिए अस्पताल, धार्मिक स्थलों के पास, मोहल्ले, बस्तियों और फुटपाथ पर जिंदगी जीने वाले लोगों को मानवीय संवेदनाओं के मद्देनजर गर्म कपड़े, कंबल, शाल, स्वेटर मुहैया करवाया जा रहा है।

## इवेंट लाइव

# अग्रवाल समाज की पहल प्री वेडिंग शूट नहीं होंगे



रायपुर। अग्रवाल समाज का प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों धुलिया महाराष्ट्र में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुआ। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें प्रमुख रूप से शादियों में प्री वेडिंग शूट जैसी फिजूलखर्ची नहीं किए जाने की बात को दोहराया गया। बैठक में समाज हित में गहन मंथन एवं समीक्षा कर निर्णय लिया गया कि शादी पर होने वाले असीमित खर्च को कम कर बचत राशि को समाज हित में उपयोग किया जाए। मध्यम परिवारों की कन्या की शादी के लिए अग्रसेन कन्या विवाह योजना प्रारंभ की जाएगी। बच्चों में संस्कार जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। प्री वेडिंग शूट में कमी आयी है। इसके लिए सभी को धन्यवाद दिया गया। आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को कोचिंग उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### प्रदेश के 15 प्रतिनिधि बैठक में हुए शामिल

धुलिया में हुए इस राष्ट्रीय आयोजन में प्रदेश से 15 प्रतिनिध शामिल हुए। भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक महाराष्ट्र में हुई। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में पूरे देश के सभी राज्यों से प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मीटिंग अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल एवं नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ से सियाराम अग्रवाल, महेंद्र सक्सेरिया, जयदेव सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया सहित अन्य मौजूद थे।

● शहर के प्रमुख मंदिरों में अंग्रेजी नववर्ष पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रबंधन ने शुरू की तैयारी

# भक्त परिवार साल के पहले दिन करेंगे अभिषेक, रंगोली रंगीन लाइटों संग श्रीधाम में बिखरेगी फूलों की सुगंध

'वैसे तो हिन्दू नववर्ष का स्वागत चैत्र नवरात्र के पहले दिन किया जाता है। लेकिन, अंग्रेजी नववर्ष मनाने वालों का भी एक बड़ा वर्ग है, जो साल के पहले दिन आराध्य देवी-देवताओं के श्रीधाम में परिवार के साथ दर्शन के लिए पहुंचता है। इसके चलते भक्तों की भीड़ भी आस्था केन्द्रों में रहती है। लोग साल की शुरुआत भक्तिभाव से करना पसंद करते हैं। इसे देखते हुए मंदिरों को रंगीन लाइटों से सजाने और आस्था केन्द्रों में फूलों की सुगंध बिखेरने की पुख्ता तैयारी के साथ ही साज-श्रृंगार के लिए शेड्यूल भी तय किया है।'

रायपुर। साल 2026 का आगाज आगामी गुरुवार से होने जा रहा है। इससे पहले बाजार ही नहीं, मंदिरों में भी रौनक बढ़ने लगी है। इस बार भी दंतेश्वरी मंदिर, रावांभाठा बंजारी धाम, टोलाघाट सहित सभी मंदिरों में एक जनवरी को होने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारी की जा रही है। चाहे वह वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर हो या फिर पुरानी बस्ती, कुशालपुर सहित टाटीबंध क्षेत्र स्थित सरोना शिव मंदिर ही क्यों न हो, सभी जगह भक्तों की सुविधा के लिए जरूरत और होने वाली भीड़ से जुड़े अनुभव के आधार पर इस साल भी मंदिर प्रबंधन के द्वारा तैयारी शुरू की गई है। बुधवार की रात से ही साज-श्रृंगार की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने का क्रम शुरू हो जाएगा। इससे पहले ही साफ-सफाई, रंग-रोगन सहित पेयजल, पार्किंग के साथ ही आने वाले भक्तों के लिए भोग प्रसादी का इंतजाम किया जा रहा है।






### महादेव का अभिषेक करने लगाएंगे अरघा

महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में इस साल भी अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए तैयारी शुरू की गई है। महंत सुरेश गिरी महाराज ने बताया कि 31 दिसंबर की मध्यरात्रि महादेव को दिव्य स्वरूप और आकर्षक साज-श्रृंगार के लिए भी तैयारी है। महादेव को अभिषेक करने की इच्छा रखने वाले लोगों की सुविधा के लिए गर्भगृह तक अरघा लगाया जाएगा। आराध्य देव का दर्शन करने के लिए कतार लगेगी। महादेव का फूलों और बेलपत्तों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। दर्शन करने वालों की भीड़ खास अवसर पर सामान्य दिनों से ज्यादा होती है, इसलिए शेड्यूल तय किया है।





### नववर्ष की शाम प्रभु श्रीराम के नाम

नववर्ष की शाम प्रभु श्रीराम के नाम पोस्टर का विमोचन किया गया। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा नए वर्ष पर एक अनूठा आयोजन वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में किया जा रहा है। इसमें जेमील बैंड पार्टी द्वारा भक्तिमय लाइव डांस, आतिशबाजी के साथ एक बहुत ही जबरदस्त भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी व प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि पंचायत के द्वारा समाज के वरिष्ठजनों के साथ युवाओं को भी धर्म व सनातनी हिंदुओं के ईष्ट श्रीराम से जोड़ने के लिए गुरुवार को आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी अमर चदनानी व राजा जेठानी को बनाया गया है। संयोजक आकाश दुदानी, रवि चरयानी सहित उनकी टीम तैयारी कर रही है।

### विशेष परिधान और श्रृंगार होगा आकर्षण

वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में नए साल के स्वागत की तो नहीं, लेकिन भक्तों की होने वाली भीड़ के लिहाज से व्यवस्था बनाने की तैयारी है। मंदिर के प्रमुख पुजारी हनुमंत लाल के मार्गदर्शन में इस साल भी भगवान को विशेष पोशाक पहनाया जाएगा। फूलों से दिव्य दरबार का श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही भक्तों की सुविधा के लिए वॉलंटियर्स को भी दायित्व दिया जाएगा। इस तरह का इंतजाम इसलिए किया जाता है, क्योंकि अंग्रेजी नववर्ष के पहले दिन भक्त फैमिली के साथ आस्था केन्द्र में पूजा-अर्चना करने आते हैं। सुबह और शाम को होने वाली आरती के समय लोग ज्यादा पहुंचते हैं। इसको देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए तैयारी की जा रही है।

### श्रद्धालुओं को अच्छा वातावरण देने तैयारी

पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में इस साल भी आसपास रहने वाले भक्त परिवारों द्वारा 31 दिसंबर की रात फूलों से माता का दरबार सजाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट ने लोगों की भीड़ को देखते हुए लाइटिंग, सफाई के साथ पानी व पार्किंग के साथ ही भोग-प्रसादी का इंतजाम किया है। माता के श्रीधाम को फूलों से सजाने की प्रक्रिया एक दिन पहले रात में की जाएगी। अभी आर्टिफिशियल फूलों से मंदिर को सजाने का सिलसिला चल रहा है। कुछ इसी तरह की तैयारी मां काली मंदिर और मां दंतेश्वरी मंदिर में भी की जा रही है। इस तरह की तैयारी श्रद्धालुओं को सुविधा और अच्छा वातावरण देने के लिए की जा रही है।

# युग सुजेता सम्मेलन में नशा मुक्त जीवन और सदमार्ग को अपनाने 51 कुंडीय महायज्ञ में युवाओं ने लिया संकल्प

रायपुर। बिरगांव स्थित शहीद नंदकुमार पटेल कॉलेज प्रांगण में दूसरे दिन भी भक्तिमय माहौल में मंत्रोच्चार की गूंज रही। अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर द्वारा आयोजित महायज्ञ में सैकड़ों की तादाद में गायत्री परिवार ही नहीं, बल्कि आसपास के लोग भी शामिल हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्रों द्वारा रविवार को सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवस्थापना एवं 51 कुण्ड का वेदी पूजन भी किया। गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होने से यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने एक साथ एक स्वर में वेद मंत्र -गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, नवग्रह मंत्र से यज्ञ देव को आहुति अर्पित किया। इसके चलते यज्ञ स्थल में उत्सव का माहौल बना। आयोजक शंकर लाल साहू एवं गायत्री परिवार के समन्वयक लच्छूराम निषाद के मार्गदर्शन में यज्ञ के बाद युवाओं को सदमार्ग अपनाने और नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प युग सृजेता युवा सम्मेलन में लिया।







### युवाओं को संस्कारी बनाने प्रेरकों की पहल

सम्मेलन में डॉ. घनश्याम पटेल ने नशा मुक्त जीवन के लिए युवाओं को प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। मंच संचालन वीर रस की कविता से प्रगति भोई ने युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया। प्रज्ञा प्रकाश निगम एवं दीया प्रभारी अमित डोये ने बताया कि युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक अध्यात्मवाद के माध्यम से युवावस्था में दिव्यता का प्रकटीकरण करना एवं शिक्षित, स्वस्थ, आत्मनिर्भर, विनम्र और संवेदनशील युवाओं के साथ दिव्य भारत का पुनर्निर्माण करना है। इस लिहाज से ही गायत्री परिजनों के साथ ही युवाओं को संस्कारी बनाने के लिए प्रेरकों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### एक समय में एक ही काम अच्छे मन से करें

रायपुर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय (शहर प्रभारी) और डागेश्वर साहू (ग्रामीण प्रभारी) ने भारतीय युवाओं की विचार प्रक्रिया को नई दिशा देते हुए शांति, सद्भाव और पुनः सतयुग की वापसी में योगदान देने के लिए युवाओं को संगठित और एकजुट होकर रहने कहा। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र वेदप्रकाश साहू ने युवाओं को युग सुजेता युवा सम्मेलन में कहा कि समय प्रबंधन के लिए प्रयास करें। एक समय में एक ही काम अच्छे मन और पूरी तन्मयता से करने पर जोर देते हुए कहा कि इसके परिणाम भी सकारात्मक आते हैं। लेकिन, इसके लिए युवाओं को अपने जीवन के लिए एक उच्च आदर्श तय करते हुए उसे जीवन में अपनाने का भी प्रयास करना होगा।

# येशु, मरियम और युसूफ का पवित्र परिवार महोत्सव, ख्रीस्त जयंती का किया समापन





रायपुर। संत जोसेफ महागिरजाघर बैनर बाजार में कैथोलिक ईसाई समुदाय के महाधर्माध्यक्ष आर्च बिशप रेव्ह. डा विक्टर हेनरी ठाकुर महायाजक रेव्ह. फादर सेबास्टीयन पुमटम, रेव्ह. फादर जोसेफ मूलाक्करा, पल्ली पुरोहित और फादर जान सेवियर द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान में येशु, मरियम और युसूफ के पवित्र परिवार का पूजन में आशा के तीर्थ यात्री ख्रीस्त जयंती जुबली वर्ष 2025 का समापन समारोह किया गया। प्रशासनिक कार्य और मीडिया प्रभारी गुरविंदर सिंह चड्डा ने बताया कि ख्रीस्त जयंती जुबली समारोह में ईसाई समुदाय के धर्माध्यक्ष ने संबोधित किया। आगमन का पुण्य काल प्रभु और मुक्तिदाता यीशु ख्रीस्त के आगमन की तैयारी का समय है। वह अपने प्रथम आगमन पर हमारे बीच मानव बनकर बेतलेहम के गौशाले में जन्म लिए, किंतु संसार ने उन्हें नहीं पहचाना। वह यहां आए और उनके अपनों ने नहीं अपनाया। जिसने उन्हें अपनाया, जितनों लोगों ने उनके नाम में विश्वास किया है, उन सभी को ईश्वर ने सन्तति बनने का अधिकार दिया।

### मनुष्य बनकर मनुष्य से मिलने के लिए आए

*इस वर्ष हम ख्रीस्त जयंती का महापर्व जुबली वर्ष के परिवेश में मना रहे हैं। जो याद दिलाता है कि हम इस पृथ्वी पर आशा के तीर्थ यात्री हैं। हमारा असली घर पिता ईश्वर का घर स्वर्ग है। संत पिता फ्रांसिस कहा कि जब येशु ख्रीस्त के जन्म के दृश्य पर चिंतन करते हैं तो हमें आध्यात्मिक यात्रा पर निकलने का निमंत्रण मिलता है। जो उसे विनम्रता के लिए प्रेरित करता है। जो ईश्वर होते हुए मनुष्य बनकर हर मनुष्य से मिलने के लिए आए। आर्च बिशप ठाकुर ने कहा कि आज हमारे देश और विश्व में अशांति और असुरक्षा का वातावरण है, दुख की बात है कि यह सब धर्म के नाम पर हो रहा है। सभी ने ख्रीस्त जयंती के महापर्व पर ईश्वर से प्रार्थना की।*

खालसा स्कूल प्रांगण में सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

# स्टार्टअप, ग्रेजुएट और अफसर युवक-युवतियों ने परिचय में बताए होने वाले जीवनसाथी में क्या हों गुण

कार्नर न्यूज

रायपुर। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर के तत्वावधान में सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ। यह परिचय सम्मेलन रविवार को खालसा स्कूल प्रांगण में आयोजित हुआ। इसमें देशभर से पहुंचे विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपने लिए जीवन साथी की तलाश की। सम्मेलन में मंच पर परिचय देने वाले अधिकतर प्रतिभागी स्टार्टअप, ग्रेजुएट और नौकरीपेशा रहे। युवतियों ने जहां अपने जीवन साथी में बिजनेसमैन, गवर्मेंट जॉब के साथ-साथ नशामुक्त गुण वाले वर की चाह बताई। वहीं, युवकों ने शिक्षित, संस्कारी



और नौकरीपेशा, सेल्फ इंपावर जीवन संगनी के गुण बताए। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के उपाध्यक्ष अंजलि बंजारे ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में यह समिति के द्वारा 25वां परिचय सम्मेलन रहा। इसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लेने पहुंचे और आत्मविश्वास के साथ मंच से अपना परिचय दिया। प्रतिभागी युवक-युवती अपने परिजनों के साथ सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे रहे। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे सहित समस्त सदस्य व पदाधिकारी सफल आयोजन में सहयोग करने उपस्थित रहे।



### 500 से अधिक युवक-युवतियों ने लिया भाग

*सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के उपाध्यक्ष अंजलि बंजारे ने बताया कि देश भर से लगभग 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिल्ली सहित देश के कोने-कोने से समाज के युवक-युवती अपने परिजनों के साथ परिचय सम्मेलन में अपने जीवन साथी के तलाश में पहुंचे। परिचय के दौरान इनमें करीब 30 युवक-युवतियों का रिश्ता तय हुआ। वहीं, शेष प्रतिभागियों ने परिचय सम्मेलन में काउंसलिंग करा एक -दूसरे का नाम, पता जाना।*

### परिचय सम्मेलन में रक्तदान शिविर

*परिचय सम्मेलन में समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें परिचय सम्मेलन में पहुंचने वाले प्रतिभागी युवक-युवतियों, उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। समिति ने बताया कि सामाजिक सरोकार के साथ-साथ रक्तदान को लेकर सामाजिक जागरूकता का संदेश देने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फाइनल में



**रायपुर।** दम दम जेल ग्राउंड कोलकाता में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित 51वीं नेशनल ओपन जूनियर कबड्डी (बालिका) चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने उत्तराखंड को 9 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया है। इस संबंध मे जानकारी एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने पहले लीग मैच मे असम को 34-23 के मुकाबले 11 अंको से हराकर जीत के साथ आगाज किया है। दूसरे लीग मैच मे झारखण्ड को 56-18 के मुकाबले 38 अंको से हराया, तीसरे लीग मैच मे गुजराज को 53-21 के मुकाबले 32अंको से हराकर पूल विनर बनी और प्री क्वार्टर फाइनल मे उत्तराखंड को 37-28 के मुकाबले 9 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया है। विजेता बालिका टीम मे राधिका यादव (कप्तान )ट्विंकल साहू, भामिनी, तारकेश्वरी साहू, अंजलि यादव, मीनाक्षी, नूतन राजवाडे, देविका, शालिनी यादव, भेजवंतिन,देविका रजक, गोमती निषाद व पुष्पा देवी छत्तीसगढ़ की टीम मे शामिल है। इनके कोच रामकुमार धनकर है। इन खिलाड़ियों के अच्छा प्रदर्शन करने के लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवा राम साहू एंव समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### वेटलिफ्टिंग में ओमप्रकाश कर रहे हेमचंद विवि का प्रतिनिधित्व



**दुर्ग।** पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 26 से 30 दिसंबर तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ईस्ट–वेस्ट जोन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जय महावीर व्यायाम क्लब झीट के होनहार खिलाड़ी ओमप्रकाश सिन्हा भाग ले रहे हैं। ओमप्रकाश प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### सीएससीएस अंडर-19 में शानदार मुकाबले शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध बीएसपी में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 68 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 124 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी दो विकेट पर 35 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव पहली पारी में 202 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध रायपुर ब्लू में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी तीन विकेट पर 304 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर पहली पारी 137 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड ने पहले पारी 6 विकेट विकेट पर 128 रन बनाए।

### साहिल कप में टर्मिनेटर की लगातार तीसरी जीत



**रायपुर।** साहिल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित साहिल विंटर कप 16 आयु वर्ग में कल जनक क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 120 रन ही बनाए।जनक क्रिकेट एकेडमी के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए ईशान अग्रवाल ने 51 रन और अभिनंदन यादव ने 25 रनों की पारी खेली। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए आरव राज और पी आर्यन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में 121 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए टर्मिनेटर ने 29।4 ओवर में 3 विकेट खोकर ही इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। टर्मिनेटर एकेडमी के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आरव राज ने शानदार 73 रन और सोहम सिंह ने 27 रनो की पारी खेली। टर्मिनेटर ने यह मैच 7 विकेट से जीत कर प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टर्मिनेटर के कप्तान आरव राज को मिला।

# सर्दी के इस मौसम में बढ़ सकती हैं आर्थराइटिस की दिक्कत, आप भी हैं शिकार तो जरूर बरतें ये सावधानी

आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।



## सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

## शरीर को रखें गर्म

आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें।



अपने आप को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।

## नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।

## एंटीइंफ्लामेटरी आहार का करें सेवन

अपने आहार में बदलाव करने से गठिया को बेहतर तरीके से मैनेज किया जा सकता है। स्वस्थ पौष्टिक आहार, जिसमें एंटीइंफ्लामेटरी चीजें शामिल हों ये सूजन को कम करने, हड्डियों को मजबूत करने और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को



बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे वसायुक्त मछली, नट्स और सीड्स को आहार का हिस्सा बनाने से लाभ मिल सकता है।

# नए साल में काले घोड़े की नाल की इन उपायों से करियर में मिल सकती है सफलता

कुछ ही दिनों बाद नया साल आरंभ हो जाएगा। जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के स्थान में परिवर्तन भी होगा। इससे व्यक्ति के जीवन में अशुभ और अशुभ प्रभाव पड़ सकता है। नया साल आने में अब कुछ ही दिन शेष है। इस दिन ग्रहों के स्थान में भी परिवर्तन होगा। जिससे के जीवन में व्यक्ति को शुभ और अशुभ प्रभाव को देखने को मिल सकता है। वहीं वास्तु शास्त्र में नए साल कुछ ऐसे उपाय हैं, जिसे करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन खुशहाल हो सकता है। इस दिन ऐसी मान्यता है कि काले घोड़े की नाल को घर में लगाने से सकारात्मकता का संचार होता है और नजर दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से घोड़े के नाल की उपाय के बारे में जानते हैं।

## नौकरी में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

अगर किसी व्यक्ति को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है और नौकरी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो नए साल के पहले दिन काले घोड़े की नाल से बने छल्ले को मध्यमा अंगुली में धारण करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति को जल्दी नौकरी में शुभ योगों की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में पॉजिटिविटी का संचार भी हो सकता है।

## रोग दोष से छुटकारा पाने के लिए उपाय



अगर किसी व्यक्ति को किसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है, तो घोड़े की नाल की 4 कील बनाएं और सवा किलो उड़द की दाल, एक सूखा नारियल लें। इसे बीमार व्यक्ति के ऊपर से 7 बार वार कर बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस उपाय को करने से सेहत में जल्द सुधार हो सकता है और नजर दोष (नजर दोष उपाय) से भी राहत मिल सकता है।

## इस दिशा में लगाएं घोड़े की नाल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर नए साल के दिन काले घोड़े की नाल को घर की उत्तर या पूर्व दिशा में लगाया जाए, तो इसे शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसे घर में लगाने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है और व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव होता है। इसलिए इस दिशा में जरूर घोड़े की नाल लगाएं।

# ठिठुराती ठंड में घरवालों को नए ढंग से बनाकर खिलाएं मेथी का पराठा

दिसंबर के महीने के साथ ये साल अपने आखिरी पड़ाव पर है। ऐसे में सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैं। इसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी का पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाने का सही और आसान तरीका बताते हैं। मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे ते कभी तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करें।अब इन लोइंयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती हैं। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही से साथ इसे परोसें।





# सेलिब्रिटी की तरह रखिए सेहत का ध्यान, बन जाएंगा 'आइकॉन'

बात चाहे टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की हो या क्रिकेटर विराट कोहली की। सभी स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी अपनी सेहत का हमेशा खयाल रखते हैं। इनके लिए एक्सरसाइज रोजमर्रा की जिंदगी का रूटीन है। तभी इसके दम पर ऐसे खिलाड़ी यूथ आइकॉन बनते हैं। आप चाहें तो इन एक्सरसाइज के दम पर आईकॉन जरूर बन सकते हैं।

**रोइंग:** ये एक्टिविटी फ्लाईव्हील रोलर पर नाव चलाने के मूवमेंट की नकल करके काम करती है। हालांकि वजन घटाने और फैट बर्न करने में रोइंग की तुलना में रनिंग को अधिक प्रभावी माना जाता है, लेकिन यह हाई इम्पैक्ट एक्सरसाइज भी है।

**बैटल रोप:** बार-बार बाहों को हिलाना और रस्सी को जमीन पर पटकना, फैट को खत्म करने का शानदार तरीका है। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाया जा सकता है। यह आपके कंधों और भुजाओं की गतिशीलता में भी सुधार करता है। यही कारण है कि नीरज जैसा वर्ल्ड क्लास जैवलिन थ्रोअर इसे अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं।

## हैंगिंग लेग रेजेस विद मेडिसिन बॉल

बार पर लटककर और पैरों को ऊपर उठाकर, आप



निचले आधे हिस्से मजबूत बनाते हैं। जब एक बार ऐसा करने में सफल हो जाएं, तो मेडिसिन बॉल को उठाकर अतिरिक्त वजन बढ़ा सकते हैं। इसके करते वक्त निपुण होना बहुत जरूरी है। इसलिए ऐसा करते वक्त सावधानी रखें।

## ग्लूट हेम रेस विद बॉल थ्रो

अधिकांश जिम में ग्लूट-हैम बेंच की सुविधा नहीं होती, हालांकि अगर आपके पास ये सुविधा है, तो इस वर्कआउट को अपने रूटीन में शामिल करें। यह ना केवल आपके शरीर को लीन दिखाने के लिए आपके ग्लूट्स और हैमस्ट्रिंग को मजबूत करेगा, बल्कि यह आपके डेली रूटीन में भी गतिशीलता लाएगा। जब आपका शरीर इस एक्सरसाइज का आदी हो जाए तो, आपको वेटेड प्रोजेक्टाइल फेंकने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आपको एक स्पॉटर की आवश्यकता होगी। टेनिस बॉल से छोटी शुरुआत करें, धीरे-धीरे हल्की मेडिसिन गेंदों तक इसे बढ़ा लें।

## टायर फ्लिप विद जंप

यदि आप इसे सही ढंग से कर रहे हैं और इसमें जंप जोड़ रहे हैं, तो आप एक बेहद प्रभावी HIIT वर्कआउट (हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग) कर रहे होंगे, जिसे नीरज चोपड़ा भी करते हैं।























**फिल्म इवेंट**

## हॉलीवुड

### बाल्डोनी ने लाइवली से की प्राइवेट बातचीत, अदालत में तेज हुई कानूनी जंग



हॉलीवुड सेलेब्स जस्टिन बाल्डोनी और एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली के बीच चल रहा विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाल ही में सामने आए कोर्ट दस्तावेजों ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। दोनों के बीच 2022 में हुई एक निजी बातचीत अब कानून के दायरे में जांच का विषय बन चुकी है। दरअसल जस्टिन पर आरोप है कि उन्होंने ब्लेक से बात करते हुए अशलील टिप्पणी की है। दस्तावेजों के मुताबिक दिसंबर 2022 में जस्टिन बाल्डोनी न्यूयॉर्क स्थित ब्लेक लाइवली के घर गए थे। उस समय अभिनेत्री प्रेग्नेंट थीं। बताया गया है कि इसी मुलाकात के दौरान एक ऐसी निजी बात हुई, जिसने पूरे मामले को विवादों के घेरे में ला दिया। जांच के दौरान दिए गए बयान में जस्टिन बाल्डोनी ने स्वीकार किया कि मुलाकात के दौरान बातचीत का रुख अचानक निजी विषयों की ओर मुड़ गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लेक ने सीधे तौर पर उनसे कोई निजी सवाल नहीं पूछा, लेकिन बातचीत के दौरान उन्होंने खुद अपने निजी अंग को लेकर एक बात साझा कर दी। अदालत में वकील ने जब पूछा कि यह चर्चा कैसे और किस माहौल में हुई, तो बाल्डोनी ने बताया कि कमरे में लगातार लोग आते-जाते रहे। उनके अनुसार, 'कमरे में ब्लेक के पति रयान रेनॉल्ड्स भी आते-जाते रहे, दो नैनीज़ वहां थीं, स्टाफ और असिस्टेंट इधर-उधर काम में लगे थे। बातचीत एक व्यस्त माहौल में हुई।' कोर्ट में दाखिल ब्लेक लाइवली के नए दस्तावेजों में कहा गया है कि इस बातचीत ने उन्हें गहरा असहज किया। अभिनेत्री का दावा है कि जस्टिन बाल्डोनी के कुछ निजी बयानों और व्यवहार ने उन्हें सेट पर भी असुविधा महसूस कराई थी।

## टॉलीवुड

### मलेशिया में 'जन नायकन' का ऑडियो लॉन्च इवेंट में दिखी विजय के लिए दीवानगी



तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की आने वाली फिल्म 'जन नायकन' का ऑडियो लॉन्च फैंस के लिए काफी खास रहा। मलेशिया के नेशनल स्टेडियम बुकित जलिल में आयोजित इस भव्य समारोह ने विजय के तीन दशक लंबे फिल्मी सफर का जश्न मनाया गया। खास बात यह रही कि 'जन नायकन' को विजय की आखिरी फिल्म माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद वो पूरी तरह राजनीति में कदम रखने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस आयोजन को 'थलपति तिरुविजा' का नाम दिया गया, जहां फैंस का जुनून चरम पर नजर आया। शाम की शुरुआत से ही स्टेडियम के बाहर और अंदर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। करीब एक लाख से ज्यादा फैंस की मौजूदगी ने इस इवेंट को मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करा दिया। जैसे ही थलपति विजय ने मंच पर कदम रखा, पूरा स्टेडियम तालियों, नारों और आतिशबाजी से गूंज उठा। नेवी ब्लू सूट और ब्लैक शर्ट में विजय बेहद स्टाइलिश नजर आए। हजारों मोबाइल टॉर्च की रोशनी के बीच उनका मंच पर चलना किसी सिनेमाई सीन से कम नहीं था। ऑडियो लॉन्च में संगीत की कमान संभाली मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध रविचंदर ने, जिनकी एंट्री पर भीड़ झूम उठी। लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ 'जन नायकन' के नए गानों के अलावा विजय के करियर के आइकॉनिक सॉन्ग्स की झलक ने माहौल को और खास बना दिया। इस मौके पर विजय येसुदास, अनुराधा श्रीराम, हरिचरण, श्वेता मोहन, एस.पी. चरण, टिप्पू, योगी बी, एंड्रिया जेरेमाया जैसे कई दिग्गज सिंगर्स ने परफॉर्म किया।

फिल्म की लीड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने भी खास ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के साथ शानदार एंट्री की।

## भोजपुरी

### 'फ्री का दूल्हा' में बेटे ने मां के खिलाफ जाकर बिना दहेज रचाया ब्याह



एक्टर ऋषभ कश्यप की फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। उनके साथ रक्षा गुप्ता और अनिता रावत जैसी हीरोइनें हैं और ये ट्रेलर बड़ा ही दमदार है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं।

भोजपुरी फिल्मों के दर्शक केवल यूपी-बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हैं। जब फिल्में आती हैं और उन्हें लोग देखने जाते हैं तो खुद ही गुणगान करने लग जाते हैं। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे स्टार्स की फिल्में तो बहुत देखी जाती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी भोजपुरी मूवीज हैं जो दमदार स्टारकास्ट न होने के बावजूद चल जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसमें स्टार्स के एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में भोजपुरी एक्टर ऋषभ कश्यप हैं जो गोलू बने हैं। एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता और अनिता रावत अपने रोल्स में चंज रही हैं। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी काफी बढ़िया है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं। तभी एक मां अपने बेटे का मोल लगाने के लिए ज्यादा पैसे ऐंठने की फिराक में है और बेटे को एक लड़की से प्यार हो जाता है जिसे बिना दहेज के शादी करनी है।

**लाइफ स्टाइल**



**परंपरा-स्टाइल का मेल**

इंडियन फैशन की रौनक भरी दुनिया में तत्व फैशन मूल रूप से हमारी विरासत और आज के दौर की स्टाइल का एक अनोखा मेल है। संस्कृत में "तत्व" शब्द का मतलब "सार" या "सच" होता है, जो परंपरागत जड़ों से गहरा जुड़ाव दिखाता है। यह 25-60 साल के मिडिल से अपर-मिडिल-क्लास भारतीयों के साथ गहराई से जुड़ता है, जो ऑथेंटिसिटी और ऑनलाइन शॉपिंग की आसानी के मेल की तारीफ़ करते हैं। तत्व फैशन बदलती पसंद और पसंद को पूरा करता है, और ट्रेडिशन और मॉडर्न एस्थेटिक्स के बीच एक अच्छा बैलेंस बनाने की चाहत को पूरा करता है।

## सिर से बर्फ की तरह गिर रही रूसी तो राहत मिलेगी ऐसे



दिसंबर के महीने में मौसम की शुरुआत से ही त्वचा में कई बदलाव दिखने लगते हैं। जिस तरह से त्वचा को सर्दियों में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से सिर के स्कैल्प का भी सर्दियों में खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप सही से सिर का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्कैल्प में डैंड्रफ जमने लगता है।कई बार ऐसा होता है कि इसकी वजह से शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप स्कैल्प पर जमी रूसी से छुटकारा पा सकते हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नीम के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सिर से डैंड्रफ को दूर भगाने के लिए कर सकते हैं। प्याज के रस को स्कैल्प पर लगाने से भी डैंड्रफ कम हो सकता है। आप आसानी से घर पर बिना केमिकल वाला प्याज का रस निकाल सकते हैं। इसे बस आपको रुई की मदद से अपने सिर में लगाना है। मेथी को रातभर भिगोकर सुबह उसे पीस लें। अब इसे दही में मिलाकर अपने बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपको जरूर राहत मिलेगी। 10 नीम के पत्तों का पेस्ट लें और उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसका इस्तेमाल आप अपने सिर पर जमे डैंड्रफ हटाने में कर सकते हैं। एक कटोरी में गुनगुना नारियल का तेल लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। इसकी मदद से आपके सिर का डैंड्रफ कम हो सकता है।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े







जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो जानिए कि किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**पेस्टल रंग:** स तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

**पर्पल:** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

**मैटेलिक रंग:** अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

## वेडिंग फंक्शन के लिए बेस्ट रहेंगे ये सिंपल आई मेकअप



मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है। वहीं रोजाना से लेकर हम किसी भी फंक्शन तक में जाने के लिए कई तरीके के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया लेकर आते ही रहते हैं, लेकिन मेकअप करने की कुछ तकनीक आज भी वही है। वेडिंग फंक्शन में जाने के लिए खासकर मेकअप समय के हिसाब से किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ आई मेकअप जिन्हें आप आसानी से किसी भी शादी व फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

### न्यूट्रल मेकअप लुक

अगर आप सटल कलर कॉम्बिनेशन के मेकअप लुक्स को कैरी करना पसंद करती हैं तो इस तरह के लाइट ब्राउन मेकअप लुक को चुन सकती हैं। इस तरीके का मेकअप लुक आप दिन या रात की शादी के लिए चुन सकती हैं। देखने में इस तरीके का मेकअप काफी सोबर लुक देने में मदद करता है। वहीं बेस के लिए आप ड्युई मेकअप लुक को चुनें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा।

### स्मोकी आई मेकअप

देखने में यह काफी बोल्ड लुक नजर आता है। वहीं इस तरह के आई मेकअप को क्रिएट करने के लिए आप ब्लैक कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आप बिल्कुल न्यूड कलर को चुन सकती हैं। न्यूड कलर के लिप शेड को चुनने के लिए आप अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। यह नाइट मेकअप लुक है तो कंटूरिंग को आप थोड़ा शार्प करें ताकि लुक कम्प्लीट नजर आए।

## गर्म ऊनी कपड़ों की ऐसे करें केयर, सालों तक नहीं होंगे खराब



सर्दी के सीजन में गर्म कपड़ों को सही तरीके से पहनने के साथ उनकी केयर भी करनी होती है। तब जाकर ऊनी कपड़ों के रेशे, कलर फेड और लूज होने से बचा सकते हैं। इसलिए ऊनी कपड़ों का ख्याल रखना जान लेना चाहिए। ऊनी या सर्दी के कपड़े (स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर आदि) काफी महंगे होते हैं। इनको हर साल खरीद नहीं सकते हैं।

### विंटर ड्रेस न करें शेयर

सर्दी के कपड़े ही नहीं कोई भी ड्रेस शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर ऊनी कपड़ों को न दें क्योंकि इस कारण ड्रेस लूज हो सकती है। इसके कई कारण हैं। जैसे- यदि उस व्यक्ति को कपड़े को खींचकर पहनने की आदत हो या उसका बॉडी साइज बड़ा हो तो इस कारण कपड़ा लूज हो सकता है। इसलिए अपनी ड्रेस किसी और को पहनने न दें।

### पहनकर न सोएं गर्म कपड़े

सर्दी के मौसम में आलस्य बढ़ जाता है। एक बार गर्म कपड़ों को पहनने के बाद उतारने का मन नहीं करता है। इसी वजह से कई लोग स्वेटर, जैकेट को पहनकर सो जाते हैं। ऊनी कपड़ों पर रेशे के आने का यह मुख्य कारण है। अगर आप अपने ऊनी कपड़ों को सही रखना चाहते हैं तो कभी भी पहनकर न सोएं।

कपड़े को सोने से पहले उतार दें और उसे हैंगर में टांग दें। अगर उसको तकिये के पास या ऐसे ही कहीं फेंक देंगे तो उसकी वजह से भी कपड़े खराब होंगे। इसलिए ऊनी कपड़ों को उतारकर रख दें और तब सोने जाएं।

### कब धोएं गर्म कपड़े?

कई लोगों को कपड़ों को बार-बार धोने की आदत होती है। जबकि ऊनी कपड़ों को बार-बार धोने की जरूरत नहीं है।

**कार्नर न्यूज**

**अलग-अलग डिजाइन में लेटेस्ट फैशन अपनाना समझदारी भरा कदम**

## रिसेप्शन पार्टी में वियर करें साड़ी, लोगों की नजरें नहीं हटेंगी आप पर से

रिसेप्शन पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। आजकल इंडो वेस्टर्न का फैशन काफी ट्रेंड में है इसे हर कोई स्टाइल करना पसंद करता है। लेकिन साड़ी भी आजकल लड़कियों को पहनना काफी पसंद होती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइंस मिल जाते हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से वियर कर सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए भी आपको साड़ी में अलग-अलग डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। चलिए देखते हैं लेटेस्ट डिजाइन।

### रेड नेट फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी

अगर आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी स्टाइल करना पसंद बै तो इसके लिए आप इस रेड साड़ी लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी। इसमें वन वर्क मिलता है, साथ ही दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने के बाद स्टाइलिश लगती है। आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज वियर करें। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस साड़ी के साथ आप ग्लॉसी मेकअप लुक और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।



### सीक्वेंस वर्क साड़ी

साड़ी में आजकल सीक्वेंस वर्क भी काफी ट्रेंड में है ये भी काफी क्लासी और अच्छा लगता है। आजकल के ट्रेंड के हिसाब से इसमें (साड़ी लुक) आप लैवेंडर कलर ले सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए ये काफी अच्छा साड़ी का ऑप्शन है। मार्केट में इस डिजाइन और कलर के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1000 से 2000 में खरीद सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी और बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### फ्लेयर साड़ी

अगर आपको इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप फ्लेयर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ये काफी (शिल्पा शेट्टी साड़ी लुक) क्लासी लगती हैं साथ ही लुक को परफेक्ट बनाती हैं। इसमें आपकी बेली भी काफी अच्छी नजर आती है। इस तरीके की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपको ज्यादा कुछ वियर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे ही आपका रिसेप्शन लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप सिंपल नेकलेस चेन और ओपन हेयर स्टाइल लुक क्रिएट कर सकती हैं। इन साड़ी डिजाइंस को रिसेप्शन में करें वियर इससे आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा।

